● जयपुर, शनिवार, 8 जून 24● वर्ष 13 ● अंक 280 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने उपखंड रामगढ पचवारा का किया औचक....

पेज @5 माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के सामने भूमिगत पार्किंग....

पेज @8 » साइबर ठगी से जुड़े दो गांवों में महाराष्ट्र एवं जोधपुर पुलिस...

## एनडीए संसदीय दल की बैठक में बोले पीएम मोदी

# अपना-पराया कुछ नहीं, हमने सबको गले लगाया

नयी दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुना गया. इस दौरान उन्होंने सभी नेताओं का दिल से आभार जताया. पीएम मोदी ने उनको समर्थन देने वाले सभी नेताओं का आभार जताया. उन्होंने पार्टी के साभी कार्यकर्ताओं का भी आभार जताया, जिन्होंने गर्मी में पार्टी के लिए काम किया. पीएम मोदी ने कहा कि न दिन देखा न रात देखा, भयंकर गर्मी में हर साथी दल के कार्यकर्ता ने जो परिश्रम किया है, उन सभी को सर झुकाकर मैं प्रणाम करता हूं. मेरा सौभाग्य है कि एडीए नेता के रूप में आप सब साथियों ने सर्वसम्मति से चुनकर मुझे दायित्व दिया है. इसके लिए मैं आपका बहुत बहुत आभारी हूं.

### ● हमारे बीच अटूट विश्वास

पीएम मोदी ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन में मैं एक जवाबदारी का अहसास करता हूं. 2019 में जब मैं इस सदन के रूप में बोल रहा था, तब मैंने एक बात पर बल दिया था- विश्वास. आज जब आप फि मुझे यह दायित्व देते हैं तो इसका मतलब है कि हमारे बीच में विश्वास का सेतु इतना मजबूत है. यह अटूट रिश्ता विश्वास के अटूट धरातल पर है. यह भावुक करने वाला पल है. मैं जितना धन्यवाद करूं उतना कम है.



## नरेंद्र मोदी चुने गए एनडीए संसदीय दल के नेता, रविवार को लेंगे पीएम पद की शपथ

नई दिल्ली/एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ठञ्ॅ संसदीय दल का नेता चुन लिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा था जिसका घटक दल के सभी नेताओं ने समर्थन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेंगे। बता दें कि इससे पहले बुधवार को हुई एनडीए की बैठक में पीएम मोदी को सर्वसम्मति से संसदीय समिति के नेता चुन लिया गया। बता दें कि पीएम मोदी 9 तारीख को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण के लिए तमाम नेताओं और हस्तियों को निमंत्रण भेजा गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, भूटान के पीएम और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को भी निमंत्रण भेज दिया गया है। बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए गुरुवार को ही दिल्ली पहुंच गईं।

### आज से 3 करोड़ लोगों को घर देने का संकल्प

चुनाव के समय इंडी गठबंधन ने समान्य नागरिकों को गुमराह करने के लिए जो पर्चियां बांटी थी, दो दिन से मैं देख रहा हूं कि ये पर्ची है मेरे एक लाख रुपये कहां है. यानी आपने जनता की आंख में धूल झोंक दी है. इस प्रकार का चुनाव में वादे करना देश की जनता का अपमान है. देश कभी भी ऐसी हरकतों को नहीं भूलता है. दो दिन से कांग्रेस के दफ्तरों पर पैसे मांगने वालों की कतारें लगी हैं. अब उनको डंडे मारे जा रहे हैं. वहां से उनको निकाला जा रहा है. ये देश के गरीबों और सामान्य नागरिकों का अपमान है. संतोष है कि हम एक कमिटमेंट के साथ काम कर रहे हैं. दस साल में हमनें 25 करोड़ गरीबों को गरीबी से बाहर निकाला है. गरीब कल्याण योजनाओं से मजबूत कवच दिया है. 4 करोड़ लोगों को घर दे चुके हैं. 3 करोड़ गरीबों को और घर देने का संकल्प लेते हैं.70 साल से ऊपर के उम्र के नागरिकों के लिए 5 लाख से ज्यादा का इलाज दिया जाएगा.

### ● विपक्ष ने योजना बनाकर हिंसा वाले भाषण दिए

अब दुनिया भी भारत के लोकतंत्र की विविधता को जानना चाहेगी. योजनाबद्ध तरीके से देश को हिंसा की आग में झोंकने के भाषण दिए जाते थे, ये गंभीर है. देश के लोगों को बांटने का प्रयास किया गया. हर तरह से कोशिश यही की गई. 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे हर पैरामीटर से दुनिया ये मानती है और मानेगी कि ये एनडीए का महाविजय है. दो दिन तक विपक्ष यही कहता रहा कि एनडीए हार रहा है. उनको अपने कार्यकर्ताओं का मोरल हाई करने के लिए कहानियां बनानी पड़ीं. हमारे संस्कार ऐसे हैं कि विजय की गोद मे उन्माद पैदा नहीं रहता. न ही पराजित लोगों के प्रति उपहास करने के हमारे संस्कार हैं.

### ● तमिलनाडु में तेजी से बढ़ा बीजेपी का वोट शेयर

पीएम मोद ने कहा कि दक्षिण भारत में हमने नई राजनीति की नींव रखी है. आंध्र प्रदेश में हमारी जीत ऐतिहासिक है. आज तमिलनाडु में भले हम सीट नहीं जीत पाए, लेकिन जिस तेजी से वोटर शेयर बढ़ा है वह साफ-साफ संकेत दे रहा है कि कल में क्या लिखा है.केरल में एक विचारधारा को मानने वालों पर कश्मीर से ज्यादा जुल्म हुआ. आज पहली बार केरल से हमारा प्रतिनिधि बनकर आया है.

### ● देश को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

पीएम मोदी ने कहा कि मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि आपने बहुमत देकर सरकार चलाने का जो सौभाग्य दिया है, हम सर्वमत का निंरतर प्रयास करेंगे और देश को आगे ले जाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे. एनडीए की तीन दशक की यात्रा बहुत मजबूती का संदेश देती है. हम गर्व से कह सकते हैं कि एनडीए सबसे सफल अलायंस है. इस गठबंधन ने 30 साल में 5-5 साल के तीन टर्म सफलता से पूरे किए हैं.पीएम मोदी ने बैठक में कहा कि मुक्त मन से सोचेंगे तो पाएंगे कि एनडीए सत्ता हासिल करने या सरकार चलाने का कुछ दलों का जमावड़ा नहीं है, यह राष्ट्र प्रथम की मूल भावना है-नेशन फर्स्ट का कमिटमेंट है.


### ● पीएम मोदी को याद आए अटल, शरद, बाला साहेब

अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी, प्रकाश बादल, बाला साहब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव जैसे नेताओं को भी याद किया. पीएम मोदी ने कहा कि ये अनगिनत नाम, मैं कह सकता हूं कि इन लोगों ने जो बीज बोया था, वह आज वटवृक्ष है.

### ● हम विकास का नया अध्याय लिखेंगे

» पीएम मोदी ने एनडीए कहते ही गुड गवर्सेंस अपने आप पर्यायवाची बन जाता है. जनता और सरकारों के बीच में एक खाई की व्यवस्था बनी हुई थी, हमने उसे पाट दिया है. हम विकास का नया अध्याय लिखेंगे, हम विकसित भारत के सपने को साकार करके रहेंगे. सदन में किसी भी दल का कोई प्रतिनिधि होगा, मे- रे लिए सब बराबर होगा. उन्होंने कहा कि अपना पराया कुछ नहीं है, सबको गले लगाने में हमने कभी कोई कमी नहीं रखी है. जहां कम वहां हम, यह हर कार्यकर्ता ने जीकर दिखाया है. एनडीए के वोट शेयर में बढ़ोतरी हुई है.

## संसद में फर्जी आधार कार्ड से प्रवेश की कोशिश, 3 लोग गिरफ्तार



नईदिल्ली/एजेंसी।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित संसद में शुक्रवार को फर्जी आधार कार्ड से प्रवेश करते समय 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों की पहचान कासिम, मोनिस और शोएब के रूप में हुई है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने प्रवेश गेट पर जांच के दौरान तीनों को पकड़ा।सुरक्षा बल ने आरोपियों को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।
नई संसद के अंदर सांसदों के लाउंज का निर्माण कार्य चल रहा है। तीनों लोगों को इसी निर्माण कार्य में लगाया गया था। उनको डीवी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने काम पर रखा था।संसद के प्रवेश द्वार नंबर 3 पर जांच के दौरान तीनों को सुरक्षा कर्मियों ने रोक लिया और उनकी जांच की।

## नीतीश कुमार ने इशारों ही इशारों में बिहार के लिए मांगा विशेष राज्य का दर्जा

नई दिल्ली/एजेंसी

लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रितक गठबंधन के नेताओं की बैठक दिल्ली में चल रही है. यह बैठक संसद के केंद्रीय कक्ष में हो रही हैं. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, टीडीपी प्रमख चंद्रबाबू नायडू, जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार और अन्य दलों के नेताओं के साथ-साथ एनडीए के घटक दलों के नवनिर्वाचित सांसद भाग ले रहे हैं.इस बैठक को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी को पूरा समर्थन देते हुए उनकी जमकर तारीफ की, लेकिन इशारों इशारों में अपनी मांगों की लिस्ट भी सामने रख दी.नीतीश मुस्कुराते हुए इशारों में कह रहे थे



और पीएम मोदी भी मुस्कुराते हुए जवाब दे रहे थे.
बैठक को संबोधित करते हुए जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार ने कहा,"हम लोग पूरे तौर पर सबदिन इनके साथ रहेंगे.जिस तरह से भी ये करेंगे बहुत अच्छा है.आप जान लीजिए कि अगली बार जब आप आएंगे तो जो कुछ लोग इधर-उधर जीत गया है, सब हारेगा.हमें पूरा भरोसा है.यह सब बिना मतलब बोल बोल करके जीता है. उन लोगों ने क्या काम किया है? यह सब कोई काम किया है? उन लोगों ने आज तक कोई काम नहीं किया है? देश की कोई सेवा नहीं की है? लेकिन आपने इतनी सेवा की है उसके बाद इस तरह से हुआ है,फिर जो मौका मिला है,आगे उन लोगों के लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगा.देश बहुत आगे बढ़ेगा,बिहार का भी काम हो ही जाएगा,जो बचा हुआ उसको भी कर देंगे. सबसे पुराना यह है. जो आप चाहिएगा, उस काम के लिए रहेंगे." नीतीश कुमार ने इशारों ही इशारों में विपक्षी इंडिया गठबंधन पर हमला बोला. इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने देश के लिए कुछ किया ही नहीं है.
नीतीश कुमार ने कहा,"हम तो चाहते थे कि आप आज ही शपथ ले लें, लेकिन आप इतवार को करने वाले हैं.

## फरीदाबाद में पटरी से उतरे मालगाड़ी के दो डिब्बे, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी



**हरियाणा/एजेंसी।** हरियाणा के फरीदाबाद में शुक्रवार को रेलवे का एक बड़ा हादसा टल गया. दरअसल, फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास आज सुबह मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए. जिसके बाद वहां अफरातफरी मच गई. बताया जा रहा है कि हादसा शुक्रवार सुबह 9.30 बजे हुआ. मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरने की सूचना मिलने के बाद रेलवे में हड×कंप मच गया और आनन फानन में उस रूट की सभी ट्रेनों को रास्ते में ही रोक दिया गया. उसके बाद राहत बचाव अभियान चलाया गया जो अभी जारी है. बता दें कि ये हादसा ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के पास हुआ. मालगाड़ी में कोयला भरा हुआ था. जो आगरा से दिल्ली की ओर जा रही थी. हादसे का बाद एक रूट पर गाडियों का आवागमन थम गया जबकि दूसरे ट्रैक पर गाडियां गुजरती रही. फिलहाल ट्रैक से मालगाड़ी के पलटे हुए डिब्बों को हटाया जा रहा है. माना जा रहा है कि अगले कुछ घंटों में ट्रैक को साफ कर दिया जाएगा और गाडियों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो जाएगा. रेलवे ट्रैक साफ होने के बाद रेलवे इस बात की जांच करेगा कि मालगाड़ी के डब्बे कैसे ट्रैक से उतर गए. बता दें कि इससे पहले मंगलवार (4 जून) को ताज एक्सप्रेस के डी-3 कोच में आग लग गई थी. कोच में जलने की दुर्गंध आने के बाद सभी यात्री सचेत हो गए. तभी एकाएक कोच से धुआं और उसके बाद आग की तेज लपटें उठने लगीं. इससे बोगी में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गई. इस दौरान एक यात्री ने चेन खींच दी. उसके बाद सभी दरवाजे की ओर भागे, लेकिन भीड़ ज्यादा होने की वजह से लोग गैलरी में ही फंस गए. जिससे चीख-पुकार मच गई.

## आज से शुरू हुआ हज का पवित्र महीना, 14 जून से हज यात्रा पर जा सकेंगे जायरीन

**नईदिल्ली/एजेंसी।** सऊदी अरब में आज से हज का महीना शुरू हो गया. इसी के साथ हज पर जाने वाले जायरीनों ने तैयारियां भी शुरू कर दी. क्योंकि इस साल हज यात्रा 14 जून से शुरू हो रही है. रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब के सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित किया है कि इस्लामी कैलेंडर का 12वां और आखिरी महीने धू अल-हिज्जा शुक्रवार से शुरू हो रहा है. बता दें कि हज इस्लाम के पांच बुनियादी उसूलों में से एक है. बता दें कि हर मुसलमान के लिए जीवन में कम से कम एक बार हज यात्रा करना अनिवार्य बताया गया है. गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सऊदी हज और उमराह मंत्री तौफीक अल-रबिया ने कहा कि इस साल के हज के लिए दुनिया के विभिन्न देशों से लगभग 1.2 मिलियन (12 लाख) तीर्थयात्री पहले ही सऊदी अरब पहुंच चुके हैं. हज यात्रा पर आने वाला जायरीनों के लिए सऊदी अरब ने इस साल कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं. जिन्हें तोडने़ पर उन्हें कड़ी सजा मिलेगी.

न्यूज़ अपडेट

## दिल्ली में फिलहाल लू से राहत, बारिश की दिख रही संभावना

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली में अगले कुछ दिन लू से राहत मिलेगी। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने संभावना जताई है कि अगले कुछ दिनों में बारिश हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट दिखेगी।गुरुवार रात को दिल्ली के कई इलाकों में धूल भरी आंधी चली, जिससे तापमान में गिरावट देखी गई। दिल्ली में गुरुवार को अधिकतम तापमान 41.2 डिग्री सेल्सियस और शुक्रवार सुबह न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा।शुक्रवार को बादल छाए रहने और हल्की बारिश हो सकती है। आईएमडी के मुताबिक, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण दिल्ली के मौसम में बदलाव देखा गया है। आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी से कुछ दिनों के लिए राहत मिलेगी।इसके अलावा उत्तर भारत के राज्यों में अगले कुछ दिन गर्म हवाएं चल सकती हैं। मध्य प्रदेश में 10 जून, झारखंड में 7 से 10 जून, पंजाब, हरियाणा और बिहार में 10 जून तक गर्म हवा चलेगी।

## राहुल गांधी को मानहानि मामले में बेंगलुरु की विशेष कोर्ट से मिली जमानत

बेंगलुरु/एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी कर्नाटक भाजपा के मानहानि मामले में शुक्रवार को विशेष अदालत के समक्ष पेश हुए। यहां कोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी। डीके सुरेश की सुरक्षा के आधार पर राहुल गांधी को जमानत दी गई है। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होगी।
दरअसल, राहुल पर समाचार पत्रों में मानहानिकारक विज्ञापन जारी करने का आरोप है। पिछले साल विस चुनावों से पहले दिए गए विज्ञापन में राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार पर 2019-2023 के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया गया था। ताजा मामले के अनुसार, पिछले साल कर्नाटक में विधानसभा चुनाव हुए थे। इस दौरान कांग्रेस ने तत्कालीन भाजपा



सरकार पर 2019-2023 के शासनकाल के दौरान बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया गया था। जिसके बाद कर्नाटक भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप-मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के खिलाफ मानहानि मुकदमा दर्ज कराया। आरोप लगाया कि कांग्रेस के इन नेताओं ने तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत भाजपा नेताओं के खिलाफ मुख्य समाचार पत्रों में झूठे विज्ञापन दिये। सभी लोक निर्माण कार्यों में 40 फीसदी कमीशन लेने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने 'भ्रष्टाचार रेट कार्ड' भी प्रकाशित कराया। वहीं, राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भी अपमानजनक विज्ञापन पोस्ट किया। विशेष अदालत ने इस मामले में एक जून को सिद्धारमैया और शिवकुमार को जमानत दे दी थी।
इससे पहले, 23 मार्च 2023 को सूरत की सीजेएम कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी। उन्हें मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी के कारण सजा सुनाई गई थी। अगले ही दिन 24 मार्च को लोकसभा सचिवालय ने उनकी सदस्यता जाने का आदेश जारी कर दिया। नियम के अनुसार, अगर किसी सांसद या विधायक को दो साल या इससे अधिक की सजा होती है तो उसकी सदस्यता चली जाती है। राहुल के साथ भी ऐसा ही हुआ। हालांकि, बाद में राहुल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई। अदालत ने उनकी सजा पर रोक लगा दी।

# महासागरों में बढ़ते प्रदूषण को रोकना होगा

महासागर इस दुनिया में मनुष्य के जीवित रहने का एक प्रमुख कारण है। महासागर हमें पीने के लिए पानी और सांस लेने के लिए ताजी हवा प्रदान करता है। इसलिए महासागर प्रदूषण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। हम अपने जीवन में बहुत कुछ महासागर पर निर्भर हैं। महासागर प्रदूषण एक बड़ी समस्या बनता जा रहा है। हमारे महासागरों में कचरा जमा हो रहा है लेकिन सवाल यह है कि कचरा कहां से आ रहा हैं। आज जब विश्व की कुल जनसंख्या का 30 प्रतिशत तटीय क्षेत्रों में निवास करता है तो ऐसी स्थिति में महासागर उनके लिए खाद्य पदार्थों का प्रमुख स्रोत साबित हो सकते हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण होने के कारण महासागर अत्यंत उपयोगी हैं।

पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व यहां उपस्थित वायुमंडल और महासागरों जैसे कुछ विशेष कारकों के कारण ही संभव हो पाया है। अपने आरंभिक काल से आज तक महासागर जीवन के विविध रूपों को संजोए हुए हैं। पृथ्वी के विशाल क्षेत्र में फैले अथाह जल का भंडार होने के साथ ही महासागर अपने अंदर व आसपास अनेक छोटे-छोटे नाजुक पारितंत्रों को पनाह देते हैं, जिससे उन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु व वनस्पतियां पनपती हैं। वर्तमान में मानवीय गतिविधियों का प्रभाव समुद्रों पर भी दिखाई देने लगा है। महासागरों के तटीय क्षेत्रों में दिनों-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। जहां तटीय क्षेत्र विशेष कर नदियों के मुहानों पर सूर्य के प्रकाश की पर्याप्तता के कारण अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों के रूप में पहचाने जाते थे। वहीं अब इन क्षेत्रों के समुद्री जल में भारी मात्रा में प्रदूषणकारी तत्वों के मिलने से वहां जीवन संकट में हैं। तेलवाहक जहाजों से तेल के रिसाव के कारण एवं समुद्री जल के मटमैला होने पर उसमें सूर्य का प्रकाश गहराई तक नहीं पहुंच पाता है। जिससे वहां जीवन को पनपने में परेशानी होती है और उन स्थानों पर जैव-विविधता भी प्रभावित होती है। हर साल 08 जून को दुनिया भर में विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है। 1987 में ब्रंटलैंड की एक रिपोर्ट में टिप्पणी की गयी थी की विश्व के जो महासागर हैं उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी रिपोर्ट से प्रेरित होकर कनाडा ने विश्व महासागर दिवस मानाने का प्रस्ताव रखा। 1992 में कनाडा के इंटरनेशनल सेंटर फॉर ओशन डेवलपमेंट ने इस दिवस को मानाने का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र के एक सम्मेलन अर्थ समिट में रखा था। 8 जून 2009 को पहला विश्व महासागर दिवस मनाया गया। इसके बाद से प्रतिवर्ष 8 जून को विश्व महासागर दिवस मनाया जाता है।

हर साल विश्व महासागर दिवस के अवसर पर विश्व में महासागर से जुड़े विषयों पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। जो महासागर के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं के प्रति जागरूकता पैदा करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। महासागर हमारी पृथ्वी पर न सिर्फ जीवन के प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संतुलन में भी प्रमुख भूमिका अदा करते है। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है। महासागरो में असीम जैव विविधता का भंडार समाया है। पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल महासागरों में समाया हुआ है। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। महासागर खाद्य पदार्थों का एक प्रमुख स्रोत होने के कारण हमारी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। आज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की मदद से महासागरों से पेट्रोलियम सहित अनेक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधनों को निकाला जा रहा है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन सहित अनेक मौसमी घटनाओं को समझने के लिए समुद्रों का अध्ययन भी महत्वपूर्ण है।

पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति महासागरों में ही हुई है। आज भी महासागर जीवन के लिए आवश्यक परिस्थितियों को बनाए रखने में सहायक हैं। महासागर पृथ्वी के एक तिहाई से अधिक क्षेत्र में फैले हैं। इसलिए महासागरीय पारितंत्र में थोड़ा सा परिवर्तन पृथ्वी के समूचे तंत्र को अव्यवस्थित करने का सामर्थ्य रखता है। प्रशांत महासागर पृथ्वी पर सबसे बड़ा महासागर है। पृथ्वी की सतह का यह लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा है। इस महासागर की गहराई 35 हजार फुट और इसका आकार ट्राईगल यानि त्रिभुजाकार है। प्रशांत महासागर में करीब 25,000 द्वीप हैं। अटलांटिक महासागर क्षेत्रफल और विस्तार की दृष्टि से दुनिया का दूसरे सबसे बड़ा महासागर है। इसके पास पृथ्वी का 21 प्रतिशत से अधिक भाग है। अटलांटिक महासागर का आकार अंग्रेजी के 8 की संख्या के जैसा है। इस महासागर की कुछ वनस्पतियां खुद से चमकती हैं क्योंकि यहां सूर्य की रोशनी नहीं पहुंचती। हिंद महासागर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा महासागर है। यह धरती का लगभग 14 प्रतिशत हिस्सा है। हिंद महासागर को रत्नसागर नाम से भी जाना जाता है। हिन्द महासागर इकलौता ऐसा महासागर है जिसका नाम किसी देश के नाम पर रखा गया है। अंटार्कटिका महासागरों में चौथा सबसे बड़ा महासागर है। इस महासागर को ऑस्ट्रल महासागर के नाम से भी जाना जाता है। इस महासागर में आइसबर्ग तैरते हुए देखे जाते हैं। अंटार्कटिका की बर्फीली जमीन के अंदर 400 से भी अधिक झीलें हैं। आर्कटिक महासागर पांच महासागरों में सबसे छोटा और उथला महासागर है। इसे उत्तरी ध्रुवीय महासागर भी कहते हैं। सर्दियों में यह महासागर पूर्णतः समुद्री बर्फ से ढका रहता है।

महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागरों में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागरो में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने वाले परितंत्रों में महासागर की उपयोगिता को देखते हुए यह आवश्यक है कि हम महासागरीय पारितंत्र के संतुलन को बनाए रखें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित रहेगा।

# बंगाल में राज्य प्रायोजित हिंसा एक बदनुमा दाग



ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, लोगों में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव बाद की हिंसा पर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई एवं ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई। चुनाव के बाद एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार दौरान तृणमूल कांग्रेस ने व्यापक हिंसा, आतंक एवं अराजकता का माहौल बनाया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह के हिंसक हमले कर रहे हैं, वह लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। ममता बनर्जी ने चुनाव के महापर्व को हिंसक बना दिया था, उसने एवं उसके कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से, हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों-भगवानों-संतों एवं हिन्दू पर्वों से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाया है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है।

तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां व्यापक हिंसा हो रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस हिंसा को कितने नियोजित ढंग से अंजाम दे रही है। इस हिंसा एवं अराजकता के बढ़ने के प्रबल आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई, पूर्व के अन्य चुनावों में भी हिंसा का बोलबाला रहा है। ऐसी स्थितियों में बंगाल में लोकतंत्र की भावना एवं मर्यादा का खुला हनन हो रहा है।



इतनी व्यापक हिंसा बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने एवं उसके सहयोग के बिना असंभव है। इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। पूर्व की हिंसा एवं आतंक के समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करते हुए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इन जटिल होती स्थितियों को देखते हुए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार के लिये लज्जाजनक है।

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनजम की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। चुनावों में जितनी हिंसा बंगाल में हुई, उतनी अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिली। बंगाल का लोकतंत्र तानाशाही मानसिकता से गुजर रहा है। इन स्थितियों से तो यही लगता है कि राजनीतिक वोट बैंक के लिए ममता संविधान एवं सुरक्षा-व्यवस्था की जितनी अवमानना कर सकती है, उसने की है और आगे भी वह करती रहेगी। चुनावों में ऐसी हिंसक एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियां लोकतंत्र पर एक धुंधलका है, जिस पर नियंत्रण जरूरी है।

लोकसभा चुनाव में जिन राज्यों के परिणामों ने पूरे देश को चौंकाया है उनमें पश्चिम बंगाल भी शुमार है। पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम इसलिये भी आश्चर्य में डाल रहे हैं कि वहां तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ व्यापक नाराजगी थी, ममता सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों पर घोटाले के आरोप लगे थे, संदेशखाली की महिलाओं पर हुआ अत्याचार देश भर में बड़ा मुद्दा बन गया था, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के इर्दगिर्द ईडी का शिकंजा कसा हुआ था, ममता बनर्जी को सनातन विरोधी बताया जा रहा था, तृणमूल कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने चुनावों से ऐन पहले पाला बदल लिया था, तृणमूल कांग्रेस पर हिंसक एवं अराजक होने का तगमा लगा था, बावजूद ममता जीती। देखा जाये तो ममता बनर्जी की छवि जुझारू एवं कद्दावर नेता की रही है और वह अपनी पार्टी को जिताने के लिए जी-जान लगा देती हैं। चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर होने वाले राजनीतिक हमलों को वह अपने पक्ष में मोड़ लेने में माहिर हैं। इसके अलावा, इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं ने विभिन्न राज्यों में सीटों का बंटवारा कर आपस में समन्वय बनाकर चुनाव लड़ा लेकिन ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले ही सारी चुनौती झेली। वह अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है? क्या ये प्रश्न ममता की राजनीतिक छवि पर दाग नहीं है?

ममता एवं तृणमूल कांग्रेस का एकतरफा रवैया हमेशा से समाज को दो वर्गों में बांटता रहा है एवं सामाजिक असंतुलन तथा रोष का कारण रहा है। बदले हुए राजनीतिक हालात इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि किसी भी एक वर्ग की अनदेखी कर कोई भी दल राजसत्ता का आनंद नहीं उठा सकता। मुद्दा चाहे रामनवमी पर हिंसा का हो या संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं के साथ अत्याचारों का या साधु-संतों को डराने-धमकाने का। राज्य में शीर्ष संवैधानिक पद पर रहते हुए भी ममता बनर्जी ने अलोकतांत्रिक, गैर-कानूनी एवं राष्ट्र-विरोधी कार्यों को अंजाम दिया है। बंगाल में तो भ्रष्टाचार और साम्प्रदायिकता के जबड़े फैलाए, हिंसा की जीभ निकाले, मगरमच्छ सब कुछ निगल रहा है। ममता अपनी जातियों, ग्रुपों और वोट बैंक को मजबूत कर रही हैं-- देश को नहीं। दुनिया के लोग केवल बुराइयों से लड़ते नहीं रह सकते, वे व्यक्तिगत एवं सामूहिक, निश्चित सकारात्मक लक्ष्य के साथ जीना चाहते हैं। अन्यथा जीवन की सार्थकता नष्ट हो जाएगी। बंगाल में आम जनजीवन की सार्थकता ही नष्ट हो रही है।

# किन नवनिर्वाचित सांसदों पर देश की रहेगी नजर



आरके सिन्हा

लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उनका गहन विश्लेषण भी हो रहा है, पर इस प्रक्रिया के दौरान उन तीन नतीजों पर भी देश को गंभीरतापूर्वक विचार करना होगा जहां से देश के खिलाफ आवाज बुलंद करने वाले तीन उम्मीदवार जीत गए हैं। पंजाब की खडूर साहिब और फरीदकोट लोकसभा सीटों के चुनाव परिणाम सिख राजनीतिक क्षेत्र में बड़े बदलाव और पंथिक राजनीति के पुनरुत्थान का संकेत देते हैं। कट्टरपंथी प्रचारक अमृतपाल सिंह ने खडूर साहिब से और इंदिरा गांधी के हत्यारे बेअंत सिंह के बेटे सरबजीत सिंह ने फरीदकोट से जीत हासिल की है, दोनों ही निर्दलीय प्रत्याशी थे। अमृतपाल सिंह खालिस्तान के पक्ष में बोलते रहे हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर की बारामूला सीट से इंजीनियर राशिद का राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमेर अब्दुल्ला को हराना अपने आप में सामान्य घटना नहीं हैं। राशिद पाकिस्तान परस्त रहे हैं और फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं।


पर पहले बात कर लें अमृतपाल सिंह की। उन्हें पिछले साल राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर असम के डिब्रूगढ़ में जेल में रखा गया था। सरबजीत सिंह की जीत ने भी साबित कर दिया है कि सिख अभी तक ऑपरेशन ब्लूस्टार और उन भयानक सिख विरोधी दंगों को भूले नहीं हैं। सच में फरीदकोट ने बड़ा आश्चर्यजनक नतीजा दिया जब सरबजीत सिंह ने हसौड़ लोकप्रिय अभिनेता करमजीत अनमोल को हरा दिया, जबकि उनका फरीदकोट में कोई बड़ा नेटवर्क नहीं था। जब इंदिरा गांधी की हत्या में शामिल के कारण सरबजीत सिंह के पिता को गिरफ्तार किया गया था, वे तब मात्र 6 साल के थे। उन्होंने बारहवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। वे पहले भी कई चुनावों में किस्मत आजमा चुके हैं। उन्होंने 2007 में बरनाला जिले के भदौर से पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें केवल 15,702 वोट मिले। उन्होंने 2004 में बठिंडा लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव भी लड़ा और असफल रहे। उन्हें 1,13,490 वोट मिले। 2009 और 2014 में उन्होंने फिर से क्रमशः बठिंडा और फतेहगढ़ साहिब (आरक्षित) निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ा। सरबजीत सिंह की मां, बिमल कौर और उनके दादा, सुच्चा सिंह पूर्व में लोकसभा के लिए चुने गए थे। सरबजीत सिंह इस बार तो चुनाव लड़ने के मूड में नहीं थे। उनसे जब बहुत लोगों ने चुनाव लड़ने की गुजारिश की तो वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार हुए। वे अपनी कैंपेन में सिखों के मसलों के अलावा फरीदकोट में नशे की बढ़ती समस्या से लड़ने का वादा कर भी रहे थे। फरीदकोट के लिए कहा जाता है कि यह जिला नशाखोरी की चपेट में पूरी तरह से आ चुका है। अमृतपाल सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के कुलबीर सिंह जीरा को आसानी से मात दे दी। यह लोकसभा सीट पंजाब में भारत-पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित है। उनकी गैरमौजूदगी में उनके माता-पिता उनके लिए प्रचार कर रहे थे।खडूर साहिब लोकसभा क्षेत्र में अमृतसर-तरन तारन-पट्टी के क्षेत्र शामिल हैं, जो जरनैल सिंह भिंडरावाले का प्रभाव वाला क्षेत्र रहा है। यह सीट सिखों का गढ़ मानी जानी जाती है। अमृतपाल सिंह के समर्थकों ने अपने कार्यालयों में भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए थे। उन्होंने भी ड्रग संस्कृति को समाप्त करने और बंदी सिखों को रिहा कराने का वादा किया। दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के रिजल्ट में कई उलटफेर देखने को मिले। ऐसी ही जम्मू कश्मीर की बारामूला सीट है। यहां राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को जेल में बंद निर्दलीय कैंडिडेट इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख से हार का सामना करना पड़ा। इंजीनियर अब्दुल राशिद शेख फिलहाल उसी तिहाड़ जेल में बंद हैं, जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल बंद हैं। राशिद शेख को साल 2019 में एनआईए ने टेरर फंडिंग के केस में गिरफ्तार किया था। अमृतपाल की तरह से उन्होंने भी जेल में रहते हुए चुनाव लड़ा। अब सवाल यह है कि इन संदिग्ध छवि वाले उम्मीदवारों के लोकसभा में पहुंचने से क्या संदेश गया? पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस के कथित असर वाले पंजाब में अमृतपाल सिंह और सरबजीत सिंह की जीत से साफ है कि इनके नेताओं को यह जवाब तो देना ही होगा कि राज्य में देश विरोधी ताकते कैसे अपने पैर जमा रही हैं? पंजाब में आप की नीतियों को लेकर तो जनता में खासा गुस्सा दिखाई दिया। राज्य की जनता आप के नेता अरविंद केजरीवाल और राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से नाराज है। आप ने पंजाब में सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। उसे उम्मीद थी कि राज्य में उसकी सरकार है, ऐसे में वह कम से कम राज्य की 13 सीटों में से 10 पर तो जीत हासिल करेगी। हालांकि, उसे तीन सीटों से ही संतोष करना पड़ा। होशियारपुर, आनंदपुर साहिब और संगरूर को छोड़कर बाकी की सभी 10 सीटों पर आप को हार का सामना करना पड़ा।

आप को दिल्ली में भी मुंह की खानी पड़ी। आप ने कांग्रेस के साथ गठबंधन किया, इसके तहत दक्षिणी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली और नई दिल्ली के तौर पर चार सीटें उसके खाते में आईं। यह सब सीटें आप हार गई। आप को 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में में भी एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। इसी प्रकार कांग्रेस भी अपनी तीनों सीटें हार गई। इसमें "टुकड़े-टुकड़े गैंग" के कन्हैया कुमार की सीट थी। यह दिल्ली में केजरीवाल और कांग्रेस की अ-लोकप्रियता को दर्शाता है।

एक बार फिर इंजीनियर राशिद पर लौटते हैं। राशिद को वर्ष 2004 में श्रीनगर में आतंकवादियों का समर्थन करने के लिए गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उसे तीन महीने और 17 दिनों के लिए जेल में रखा गया था। उस पर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाया गया था। बाद में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीनगर ने मानवीय आधार पर उनके खिलाफ सभी आरोप हटा दिए। उन्हें अगस्त 2019 में कश्मीर के सभी मुख्यधारा के राजनेताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था। तब अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया था। राशिद लगातार देश और हिन्दू विरोधी हरकते कने से बाज नहीं आते। 8 अक्टूबर 2015 को इंजीनियर राशिद पर जम्मू-कश्मीर विधानसभा के अंदर भाजपा विधायकों द्वारा हमला किया गया था, क्योंकि उन्होंने सरकारी सर्किट हाउस के लॉन में गोमांस परोसने वाली एक पार्टी की मेजबानी की थी। जाहिर है, उपर्युक्त तीनों नव निर्वाचित सांसदों की गतिविधियों पर देश को पैनी नजर रखनी होगी। मेरी तो यही शुभकामना है कि ये देश की बदली परिस्थिति में अपना चाल-चरित्र और चेहरा बदलें वरना देश की राष्ट्रवादी सरकार की सख्त कार्यवाई को भुगतने को तैयार रहें।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# 'राहुल गांधी! देश की अर्थव्यवस्था पर रहम करो, क्यों इसे नीचे गिराना चाहते हो?'



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

राहुल गांधी ने एक बार फिर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में पहल की है, क्या एक सांसद को जिसके बारे में बताया गया है कि उसने अमेरिका की हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैंब्रिज यूनिवर्सिटी और फिर लंदन में एक मैनेजमेंट कंसल्टिंग फर्म मॉनिटर ग्रुप के साथ अपना प्रोफेशनल सफर शुरू किया। भारत लौटने के बाद अपनी एक टेक्नोलॉजी आउटसोर्सिंग फर्म इूँङ्क्स्र२ री१५्रीर ढ१५ंड्डी छ्र३ शुरू की, जिसके डायरेक्टर खुद राहुल गांधी बने, अब क्या उन्हें इतना भी नहीं पता है कि शेयर मार्केट जोखिमों के अधीन है? व्यक्ति को अपना रिस्क स्वयं से उठाना होता है। आर्थिक लाभ यदि हुआ तो वह उसका है और नुकसान भी हुआ तो भी वह उसके स्वयं के लिए गए निर्णय पर आधारित है, इसके लिए किसी को दोष नहीं दिया जा सकता, फिर भी वे पत्रकारों के बीच शेयर मार्केट के नीचे जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दोषी ठहरा रहे हैं।

दरअससल, इससे लगता यही है कि वे पिछली एनडीए-नीत भाजपा की मोदी सरकार को लेकर आमजन के बीच फैलाए गए तमाम झूठ के बाद अब देश के उद्योग-व्यापार से जुड़े वर्ग को भ्रमित कर देश की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, ताकि भविष्य में नई गठित सरकार पर वे अधिक आक्रामक हो सकें। लेकिन अपने राजनीतिक सत्ता के स्वार्थ के चलते वे ये नहीं सोचना चाह रहे आखिर इससे नुकसान किसका होगा? एक सशक्त विपक्ष देश ने इंडी गठबंधन के रूप में दिया है, फिर क्यों वह भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने पर तुले हैं ? हद है, झूठ, कपट और छल की!

इस पत्रकार वार्ता में एक घटना और घटी, वह देश के एक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थान के संवाददाता के साथ राहुल गांधी द्वारा उसके कार्य को लेकर खड़े किए गए प्रश्न से जुड़ी। संवाददाता ने संसद में हंगामे को लेकर प्रश्न क्या किया, राहुल मंच से भाजपा की टीशर्ट पहन लेने की सलाह देने लगे! निश्चित ही यह मीडिया का बड़ा अपमान है, क्योंकि प्रश्न करना प्रत्येक मीडिया कर्मी का अधिकार है, जब कांग्रेस का सामर्थ्य ही नहीं, प्रश्नों के उत्तर देने का धैर्य नहीं, तब फिर प्रेस वार्ता बुलाने की जरूरत ही क्यों है? इससे एक बात तो साफ हो गई है कि राहुल अब जो कर रहे हैं वह चुनाव सम्पन्न होने से भी ज्यादा भयंकर है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि कांग्रेस की सीटें बढ़ने से उनमें अहंकार भी बढ़ गया है, वह किसी से भी कुछ बोल रहे हैं!

यहां वापस मुद्दे पर आते हैं । बात शेयर मार्केट के नीचे जाने और इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को आरोपित करने की हो रही है। राहुल का आरोप है, 'प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, उनके लिए काम कर रहे एग्जिट पोल्स्टर्स और मित्र मीडिया ने मिलकर देश के सबसे बड़े 'स्टॉक मार्केट स्कैम' की साजिश रची है। 5 करोड़ छोटे निवेशक परिवारों के 30 लाख करोड़ रुपये डूब गए हैं। इसलिए जेपीसी गठित कर इस 'क्रिमिनल एक्ट' की जांच की जाए। जिन फर्जी चुनावी एजेंसियों ने गलत एग्जिट पोल्स दिए उनकी भी इस घोटाले में भूमिका है। इसकी जांच के लिए एक जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) गठित की जानी चाहिए।'

राहुल के इस बयान के तीन मुख्य अर्थ निकल रहे हैं । एक कि मोदी-शाह ने एक बड़ा स्कैम किया है, दो इसमें मीडिया भी शामिल है, तीन, एग्जिट पोल्स करनेवाली एजेंसियां भी इस स्कैम को रचनेवाली हैं और सबसे बड़ी बात यह कि राहुल इस पूरे घटनाक्रम को बड़े 'स्टॉक मार्केट स्कैम' व 'क्रिमिनल एक्ट' करार दे रहे हैं। ऐसे में आज यह जरूरी हो जाता है कि राहुल गांधी से यह जरूर पूछना चाहिए कि जो निवेशक थे, वह क्या मीडिया संस्थानों और पत्रकारों से पूछ-पूछ कर कंपनियों के शेयर खरीद रहे थे? जिन एग्जिट पोल्स एजेंसियों को राहुल झूठा करार दे रहे हैं, सच तो यह है कि वह भी असत्य साबित नहीं हुई हैं। अधिकांश ने यही तो कहा; सरकार एनडीए नीत मोदी की @ 03 बन रही है। सीट फिर भले ही कम-ज्यादा हुई हैं, किंतु सरकार तो भाजपा ही वापस आई है। फिर एग्जिट पोल्स एजेंसियां पूरी तरह से गलत कैसे हैं? राहुल गांधी आज शेयर मार्केट को लेकर जो कह रहे हैं, आमजन एवं देश के उद्योग जगत के बीच धारणा इसके उलट भी तो हो सकती है, जो राहुल मतगणना के पहले तक कह रहे थे, ये एग्जिट पोल नहीं मोदी मीडिया पोल है। ये मोदी का पोल है। फैंटेसी पोल है। यहां इसका उलट भी तो हो सकता है, क्योंकि देश एक स्थायी और सशक्त सरकार चाहता है, इंडी गठबंधन जैसा माहौल बना रहा था और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार (2जून) को इंडी गठबंधन को लेकर साफ बताया था, वे 295 सीटें जीत रहे हैं, तब यह संभावना क्यों नहीं हो सकती कि शेयर मार्केट राहुल के दावे स्थायी सरकार देने से ऊपर गया हो और जब बाजार ने देखा कि सरकार कमजोर बनने जा रही है तो शेयर धड़ाम हो गए हों। फिर क्यों न इस पूरे मामले में राहुल गांधी एवं इंडी गठबंधन के नेताओं को ही दोषी ठहराया जाए! जिन्होंने जीत के बड़े-बड़े दावे किए और आमजन को अपनी दम पर स्थायी सरकार देने का भरोसा दिया था?

वैसे हाल ही में जो पीयूष गोयल ने कहा, यहां वही सबसे बड़ा सच है, उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता निवेशकों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी के आरोप निराधार इसलिए हैं क्योंकि भारतीय खुदरा निवेशक भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों के बाजार पूंजीकरण में 2014 में ?67-लाख करोड़ से बढ़कर अब ?415-लाख करोड़ कमाने पर आ गए हैं, कहना होगा कि यह मोदी के शासन के दस सालों की देन है। इसी वक्त में भारतीय खुदरा निवेशक सबसे बड़े लाभार्थी रहे भारतीय निवेशकों ने वास्तव में चुनावी मतगणना के दिन सहित पिछले कुछ दिनों में बाजार में उतार-चढ़ाव से (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की कीमत पर) व्यापारिक लाभ कमाया है। उन्होंने कहा कि गांधी मूल्यांकन (बाजार पूंजीकरण) के नुकसान का जिक्र कर रहे थे, जो उन दिनों लेनदेन किए गए शेयरों के मूल्य से लाभ या हानि से अलग था।

यहां कोई राहुल गांधी से यह जरूर पूछे; जब 2004 में शेयर बाजार में 129 साल के इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट आई थी, जिसके कारण कारोबार कई बार रोक देना पड़ा था, क्योंकि निवेशक इस बात को लेकर भारी चिंतित थे कि कम्युनिस्ट पार्टियां, सोनिया गांधी की आगामी गठबंधन सरकार की नीति को कैसे प्रभावित करेंगी, तब क्या राहुल गांधी आज उस दौर में जो कई हजार करोड़ का देश के आम नागरिकों को नुकसान हुआ था, उसके लिए देश से माफी मांगेंगे? या उसकी जांच की मांग भी कभी करेंगे? क्योंकि तत्कालीन समय में शेयर बाजार की कीमतें खुलने के 20 मिनट के भीतर ही 10 प्रतिशत से अधिक गिर गई। आगे फिर बार-बार गिरती हुई देखी गई।

अभी हाल ही में पिछले तीन दिन लगातार मार्केट ने जो वापसी की है, उसका श्रेय क्या बड़े मन से नए एनडीए गठबंधन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राहुल गांधी देंगे? क्यों कि मार्केट को फिर से पंख लग गए हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों वाले दिन मार्केट करीब 12 फीसद गिरा था, किंतु देश की राजनीतिक स्थिति साफ होते ही अगले ही दिन मार्केट ने रिकवर करना शुरू कर दिया और एक ही दिन में निवेशकों को करीब 8 लाख करोड़ रुपये का फायदा पहुंचा । क्या राहुल गांधी और उनके समेत पूरी कांग्रेस केंद्र में फिर से मोदी सरकार के आने के मजबूत संकेत को देखते हुए शेयर मार्केट में यह बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, उसके लिए भाजपा और मोदी का आभार व्यक्त करेंगे?

फिलहाल तो शेयर मार्केट ने दोबारा 75 हजार का आंकड़ा पार कर लिया है । दो दिन में ही निवेशकों को 21 लाख करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। दो दिनों में यह 3000 अंक चढ़ चुका है 4 जून को मार्केट बंद होने के बाद बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 394 लाख करोड़ रुपये था। जो अब 415 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। अभी भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहे हैं। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी में सात जून को भी 1% से अधिक की बढ़ोतरी हुई है, क्योंकि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने वित्त वर्ष 2025 की अपनी दूसरी बैठक में रेपो दर को 6.5% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। क्या राहुल गांधी इस ताजा अपडेट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी आर्थिक नीतियों के लिए पूरे एनडीए की प्रशंसा करने का सामर्थ्य रखते हैं ?

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने उपखंड रामगढ पचवारा का किया औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान

**दौसा।** कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने उपखंड रामगढ पचवारा में कई जगह औचक निरीक्षण किया। जिनमें राहुवास में पर्कुलेशन वाटर शेड टेंट, नयावास में चरागाह, कल्लावास में बीएफयू, आरओ प्लांट, जेजेएम के तहत प्रगतिरत कार्यों, गांगल्यावास में नरेगा कार्य व जीएसएस 33 केवी तथा उप जिला अस्पताल रामगढ पचवारा एवं एसडीएम और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने राहुवास में पर्कुलेशन वाटरशेड टेंट का निरीक्षण करते हुए मानसून में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने एवं एमजेएसएस योजना के तहत चल रहे कार्यों को मानसून पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नयावास में चारागाह भूमि का निरीक्षण करते हुए नर्सरी विकसित करने को कहा जिससे ग्राम पंचायत की निजी आय में भी वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान प्रति ग्राम पंचायत एक हजार से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखें।वहीं कलेक्टर ने कल्लावास में बीएफयू, आरओ प्लांट एवं जल जीवन मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित लोगों से फीडबैक लेकर पानी की गुणवत्ता जांचने, अवैध नल कनेक्शन हटाने एवं खराब पड़े हेडपंपों को तत्काल दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांगल्यावास में जीएसएस 33 केवी एवं नरेगा कार्यों का निरीक्षण करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को अत्यावश्यक स्थिति में ही बिजली कटौती करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने मनरेगा साइट पर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर छाया, पानी एवं प्राथमिक उपचार की दवाओं के किट की उपलब्धता सुनिश्चित रखने को कहा।कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने उप जिला अस्पताल रामगढ पचवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थानिक डिलीवरी को बढावा दिया जाए एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत सुविधाओं में भी वृद्धि की जाए। इस दौरान उन्होंने केंद्र में ओपीडी, आईपीडी व कार्मिक उपस्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने दवा वितरण केंद्र में दवाईयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर स्टॉक को व्यवस्थित रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने प्रभारी चिकित्सक से भीषण गर्मी व हीटवेव से बचने की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस पर प्रभारी ने बताया कि आइस बॉक्स, ओआरएस आदि मौजूद है।जिला कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का अवलोकन करते हुए लंबित पैमाइश, पत्थरगड़ी एवं रास्तों के अतिक्रमण हटाने संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ई-फाइल प्रणाली को शत-प्रतिशत लागू करें एवं कोर्ट में जनहित प्रकरणों की लगातार सुनवाई करते हुए निस्तारण करवाएं।निरीक्षण के दौरान जिला परिषद सीईओ धारा सिंह मीना, उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा, विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, कल्लावास संरपच मिश्रीलाल महावर, गांगल्यावास संरपच मीरा देवी, नयावास संरपच सुरमा देवी, जलदाय एवं बिजली विभाग के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### श्री शयाम मंदिर सेवा समिति का सेवा सप्ताह संपन्न

- हजारों राहगीरों व मरीजों को खिलाया 10 क्विंटल ठंडा तरबूज



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** आमजन को भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देशय से श्री शयाम मंदिर सेवा समिति की ओर से सात दिवसीय श्री शयाम सेवा सप्ताह का शुक्रवार को शहर के उपजिला चिकित्सालय के अंदर भाजपा नेता उपेन यादव के सानिध्य में सेवा शिविर का समापन किया गया अतिथियों ने शयाम बाबा की पूजा अर्चना की गई मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि आमजन को गर्मी से राहत देने के लिए 7 दिन तक मिल्क रोज, नींबू की शिकंजी, गन्ने का जूस, गन्ने का जूस, शरबत, केरी का जूस के साथ प्रतिदिन ठंडा तरबूज खिलाया गया समापन पर राहगीरों व मरीजों को 10 क्विंटल ठंडा तरबूज खिलाया गया मंदिर कमेटी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता उपेन यादव का शयाम बाबा का दुपट्टा व चित्र देकर सम्मान किया गया मंदिर कमेटी के सचिव अनिल कुमार नरवल, कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने बताया कि शयाम मंदिर की कमेटी के कार्यकर्ता तरबूज काटते नजर आए और राहगीरों व मरीजों की सेवा में जुटे रहे इस दौरान पवन जाट, पवन सैनी, करण सैनी, अनिल सैनी, महावीर प्रजापत, विवेक मिश्रा ने व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया


### जलदाय विभाग में विधान सभा प्रकरणों का हुआ शत-प्रतिशत निस्तारण

- 9 अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रदान किए प्रशस्ति पत्र



**चमकता राजस्थान । जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 जून।** जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि जलदाय विभाग में वर्षो से लम्बित चले आ रहे विधान सभा प्रश्न, आश्वासन, प्रस्ताव एवं याचिकाओं का शत-प्रतिशत निस्तारण करने पर विधानसभा प्रकोष्ठ के 9 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया है। शासन सचिव ने बताया कि विभाग के विधानसभा प्रकोष्ठ में कार्यरत श्री महेन्द्र प्रकाश सोनी अधीक्षण अभियन्ता (ग्रामीण), श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, धर्मेश वर्मा ,सहायक प्रशासनिक अधिकारी, श्रीकान्त उपमन्यु वरिष्ठ सहायक, जितेश सैन वरिष्ठ सहायक, राहुल तंवर शीघ्र लिपिक, सुश्री खुशबु देवीसहाय मीना, कनिष्ठ अभियन्ता, गिर्राज गुर्जर, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी एवं विष्णु कुमार चुतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया।उल्लेखनीय है कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में विधान सभा से संबंधित 439 प्रश्न, 84 प्रस्ताव, 60 आश्वासन एवं 33 याचिकाओं सहित कुल 616 विधान सभा प्रकरण लम्बित थे। जिन्हें पिछले 3 माह में शासन सचिव के निर्देशन में विधान सभा प्रकोष्ठ में कार्यरत कार्मिकों द्वारा कडी मेहनत करते हुए निस्तारण किया गया।

### जयपुर विकास प्राधिकरण ने दो बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 जून।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-2 में ग्राम शिस्यावास हल्का अखेपुरा तहसील आमेर में करीब 02 बीघा जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि-आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-02 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम षिस्यावास हल्का अखेपुरा तहसील आमेर, जिला जयपुर के खसरा नं. 560, 561, 563 जेडीए स्वामित्व की करीब 02 बीघा सरकारी भूमि-आम रास्तें पर कब्जा-अतिक्रमण कर बैरीकेड़, टीनषेड़ लगाकर लकडी की छड़ियां, पत्थर मलवा डालकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था। जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर अतिक्रमणकर्ता को अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-02 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-02, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## विप्र सेना युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जोशी ने विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के तहत परिंडे और वृक्षारोपण अभियान की करी शुरुआत

चमकता राजस्थान

मनोहरपुर। (खलील कुरैशी) विप्र सेना युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि जोशी ने विश्व पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के तहत सर्व पितृ अमावस्या के दिन ने राजधानी जयपुर में परिंदो के लिए परिंडा मुहीम आगे बढ़ाते हुए एक और कड़ी जोड़ते हुए परिंडा लगाया और पर्यावरण का महत्व बताते हुए कहा की पृथ्वी पर ऐसी कोई भी वनस्पति नही है जिसमे कोई औषधीय गुण नही हो,इसलिए हर पौधे को उपयोगी जानकर जीवन में एक पेड़ तो जरूर लगाना चाहिए। बता दे की इस गर्मी के मौसम में पानी मिले इस उम्मीद को लेकर रवि जोशी ने पक्षियों के लिए परिंडे लगाने की मुहिम चला रखी है इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम और भीषण गर्मी से पक्षियों की सेवार्थ भाव से परिंडे बांधकर पुनित कार्यक्रम का सुचारू रूप से क्रियान्वयन कर रखा है इस दौरान उन्होंने अलग अलग स्थानों पर पीपल,बड़, नीम सहित पांच पौधे लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके साथ ही रवि जोशी ने इस अवसर पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मानव जीवन की और निरोगी काया, स्वच्छ और निर्मल स्वास्थ्य के लिए प्रकृति संरक्षण पर्यावरण सुरक्षा अतिआवशयक है अतः सभी जागरूक नागरिकों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर वातावरण को हरा-भरा बनाना चाहिए निश्चित रूप से वृक्षों से अमूल्य हमे ऑक्सीजन और विभिन्न जनकल्याणकारी बहुमूल्य औषधियां, कागज़ लकड़ियां प्राप्त होती हैं देते है! उल्लेखनीय हैं पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से मानव समाज ने अपने जीवन पर बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न कर लिया है इस कारण वर्तमान समय में वातावरण की स्थिति चरमरा गयी है जिससे गर्मी अधिक पड़ रही है! अतः हम सबको मिलकर वृक्षारोपण कार्यक्रम को बढ़ावा देकर शुद्ध और स्वच्छ वातावरण की परिकल्पना को जमीनी स्तर पर चरितार्थ करना ही होगा इसके अलावा उन्होंने उनके द्वारा लगाए गए पोधो के संरक्षण की जिम्मेदारी भी ली।



## दसवीं बोर्ड परीक्षा में गांवों की बेटियों का भी रहा शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम

- ग्रामीण क्षेत्र की स्कूल ने लहराया सफलता का परचम
- निकाली गई भव्य विजयी रैली



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी /चंवरा ढहर( सुमेर सिंह राव)** स्थानीय श्री झुंथाराम शिक्षण संस्थान माध्यमिक विद्यालय में निदेशक सांवरमल सैनी के निर्देशन पर विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम आने पर ग्राम पंचायत में भव्य जुलूस व रैली का आयोजन किया गया। इस विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा वंशिका सैनी ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 10वीं के परीक्षा परिणाम में 96.33%अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया, साथ ही रिंकू सैनी ने 94.50%के साथ द्वितीय स्थान व दिव्या भारती सैनी ने 94.17%अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रधानाध्यापक सरोज सैनी ने बताया कि यह सब बच्चों की कड़ी लग्न व स्टॉफ टीम की अच्छी मेहनत से संभव हो पाया। प्रबंधक संजय सैनी(बबलू) ने बताया कि रैली सम्पूर्ण ग्राम पंचायत से होती हुई सभी बच्चों व अभिभावकों से मिलकर वापस विद्यालय आई। इस दौरान राकेश सैनी, बंटी सैनी कार्यक्रम आयोजन के रूप में व व्यवस्थाओं को संभालने में सहयोगी रहे। सुरेश सैनी, रणजीत सैनी,शीशराम सैनी ,महेश सैनी, विशाल सैनी, कमलेश सैनी,मनोहर सैनी, राजेश सैनी, सुमेर सिंह गुर्जर ,होशियार सिंह, राजेश कुमार, कंचन सैनी,पूजा सैनी,मोनिका सैनी, शारदा सैनी, प्रिया सैनी आदि विद्यालय के शिक्षाविद् व अभिभावक मौजूद रहे।

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदान की पीएचडी की उपाधि

- डॉ विनोद कुमार शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि हुआ सम्मान

चमकता राजस्थान

**उदयपुरवाटी / गुढ़ागौड़जी (सुमेर सिंह राव)** राजस्थान के माननीय राज्यपाल कलराज मिश्र ने महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के मीराबाई सभागार में सात जून शुक्रवार को आयोजित अष्टम दीक्षांत समारोह में डॉ.विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्रीमती गीता देवी श्री भगवती प्रसाद शर्मा निवासी किशोरपुरा को विद्या वाचस्पति पीएचडी की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया ।डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने अपना शोध ग्रंथ महादेवी वर्मा का संस्मरण साहित्यः एक मनोवैज्ञानिक अध्ययन बीबीरानी राजकीय महाविद्यालय, अलवर की हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रुक्मिणी देवी के निर्देशन में पूर्ण कर विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया था । वर्तमान में टैगोर स्कूल, गुढ़ागौड़जी के प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत डॉ.विनोद कुमार शर्मा को राज्यपाल के कर कमलों से पीएचडी की उपाधि मिलने पर शिक्षाविदों, स्वजनों एवं ग्रामीणजन ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ. शर्मा ने सबका आभार प्रकट किया।



## बाढ़ व जल भराव के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों व पूर्व तैयारियों के लिए बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित

चमकता राजस्थान

**दौसा।** कलेक्टर देवेन्द्र कुमार ने कहा कि बाढ़ एवं अतिवृष्टि आपदा से निपटने के लिए सभी अधिकारियों की तैयारी इस प्रकार होनी चाहिए कि किसी भी समय किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटा जा सके। बाढ़ से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों में समन्वय होना चाहिए। जिले में बाढ़ व जल भराव की स्थिति के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो व पूर्व तैयारियों के लिए बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक कलेक्टर देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को मानसून से पूर्व सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाढ़ व जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए मिट्टी के कट्टों, पानी को निकालने की मोटर्स एवं सभी आवशयक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारियों को जल भराव वाले क्षेत्रों का चिन्हिकरण कर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए। जल भराव वाले स्थानों की फेंसिंग करवाने व चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जिले की सभी नगरपालिका के अधिकारियों को मानसून पूर्व नालियों की सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । उन्होंने उपखंड स्तरीय अधिकारियों को आपदा के समय प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए भवनों एवं स्थानों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए ताकि अस्थायी शिविर बनाए जा सकें। जिले में तैराक एवं गोताखोरों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए ताकि आवशयकता पड़ने पर तत्काल सम्पर्क किया जाए। बिजली विभाग के अधिकारियों को ट्रांसफार्मरों के चारों तरफ फेंसिंग करने, ढीले तारों को ठीक करवाने, करंट के हादसों की रोकथाम के लिए समुचित इंतजाम करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मानसून के समय पशुओं के रोगों संबंधी दवाइयों के उपलब्धता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु पर्याप्त दवाइयों की व्यवस्था एवं मानसून के समय मच्छरों की रोकथाम के लिए फागिंग करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं आपदा की सूचना के लिए जिला स्तर कन्ट्रोल रूम यथा समय संचालित करें, ताकि आपदा की तत्काल सूचना प्राप्त हो सके और राहत एवं बचाव की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने आगामी 15 दिनों में विभागीय समन्वय से मौकड्रिल करवाने के भी निर्देश दिए।बैठक में जिला परिषद सीईओ धारा सिंह मीणा, समस्त उपखंड अधिकारी, एसई पीएचईडी रामनिवास मीणा, एसई विधुत विभाग बीएल मीणा, एसई पीडब्ल्यूडी मुरारी लाल मीना, एसई सिंचाई विभाग, विकास अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबर

### चौहमला उपखंड अधिकारी ने नरेगा कार्यो का किया निरीक्षण



**चमकता राजस्थान, झालावाड़ (रमेश मोदी)।** चौहमला जिले के गंगधार उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने शुक्रवार को गंगधार व बामन देवरिया में चल रहे नरेगा कार्यो का निरीक्षण किया व कार्य में कमियां पाई जाने पर कार्य को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।उपखंड अधिकारी दिनेश कुमार मीणा ने शुक्रवार सुबह क्षेत्र के गंगधार व बामन देवरिया में नरेगा के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ग्राम बामन देवरिया में दो कार्य ग्रेवल सड़क मय पुलिया व चारागाह विकास कार्य को देखा।पुलिया निर्माण में घटिया स्तर का कार्य पाये जाने पर नाराजी जाहिर की।चारागाह विकास कार्य मे पौधरोपण के लिए खोदे गए गड्ढे मापदंड के अनुसार नही थे। इस पर उपखंड अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की ओर मौके पर जेटीए प्रदीप चौधरी को बुलवाया तथा गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।मौके पर मजदूरों की हाजरी सही पाई गई।कार्य स्थल पर छाया पानी की व्यवस्था नही मिलने पर इस पर पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को भी बुलवाया पर वह नही आ पाया। गंगधार पंचायत में उपखंड अधिकारी ने गुफा शरीफ के पास तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण कर आवशयक दिशा निर्देश दिए।

### युवा चेतना समिति धौलपुर द्वारा बच्चों को खाद्य सामग्री बांटी



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के बाड़ी उपखण्ड में युवा चेतना समिति धौलपुर एवं अन्न क्षेत्र फाउंडेशन जयपुर के सहयोग से प्राप्त खाद्य सामग्री बॉर्नविटा, बिस्कुट, आज गरीब बस्तियों जैसे कोलियन बस्ती, मोमडन बस्ती, झुगी, झोपड़िया में निवास करने वाले लोगों के बच्चों को पर्यावरण के शुभ अवसर पर खाद्य सामग्री वितरण की गई ! बॉर्नविटा पाकर बच्चों के खिले चेहरे ! और बच्चों के अभिभावको ने यह भी कहा था ! कि हमारे पास इतना पैसा कहां है हम ?350 रुपए का बॉर्नविटा लेकर अपने बच्चों को पिला नहीं सकते, हरि परमात्मा आपका भला करता रहे ! संस्था के पदाधिकारी डॉ. विवेक अग्रवाल जयपुर, रामदास तरुण अध्यक्ष, लक्ष्मी नारायण गौड सचिव, रामनिवास, सुरेश चंद सेमल, मनोज सरदार, राजेश, यशपाल चौधरी, कमला देवी, विश्वेंद्र सिंह, रामबाबू, आशा बाई, अनीता, मनीष बंसी, धर्मेंद्र सिंह, अदि कार्यकर्ता मौजूद रहे,

### पर्यावरण एवं गो संरक्षण के संदर्भ में पोस्टर का हुआ भव्य विमोचन



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर वाटर बॉक्स प्रांगण में स्थित हनुमान मंदिर पर महंत रामदास के सानिध्य में बजरंग दल एवं श्री राम गौ सेवा धाम के तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया संगोष्ठी में मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी रहे, एवं विशिष्ट अतिथि महन्त हनुमान दास महाराज वीरेंद्र त्यागी पार्षद विशम्भर शर्मा पार्षद राम कुमार शर्मा, डॉ. परमेश पाठक रहे ! बजरंग दल के सह सयोंजक राम शर्मा ने बताया कि संगोष्ठी का मुख्य उद्देशय पॉलिथीन से धौलपुर को कैसे मुक्त कराया जा सकता है ! इस पर विचार विमर्श किया गया, जिसके तहत एक पोस्टर का विमोचन किया गया हैं ! साथ ही गौवंशो के लिए शहर में जगह जगह पानी की टंकी और पंछियों के लिये परिंडे लगाने का कार्य किया गया !

### धौलपुर जिले में बाल श्रम रोकने की चलायी गई मुहिम



**चमकता राजस्थान, धौलपुर (रामदास तरुण)।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग द्वारा 12 जून को बाल श्रम निषेध दिवस व 1 से 30 जून तक उमंग तृतीय अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जून माह में बाल श्रम के खिलाफ जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के दिशा-निर्देशन में श्रम विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें शुक्रवार को श्रम विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन और जन साहस संस्था द्वारा जिला मुख्यालय पर संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। जिला श्रम कल्याण अधिकारी शिवचरण मीणा द्वारा बताया गया कि शुक्रवार को टीम द्वारा शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न प्रतिष्ठानों और औद्योगिक संस्थाओं का निरीक्षण कर बाल श्रम रोकने हेतु कार्यवाही की गई। प्रतिष्ठानों एवं औद्योगिक संस्थाओं के मालिकों द्वारा बाल रोकने हेतु शपथ पत्र भरवाया गया एवं बाल श्रम में लिप्त पाये जाने पर होने वाली कानूनी कार्यवाही से अवगत कराया गया। अभियान के तहत स्टीकर व पोस्टर लगाये गये तथा आमजन से बाल श्रम न कराये जाने की अपील की गई।

---

**साइबर ठगी से जुड़े महाराष्ट्र एवं जोधपुर पुलिस के सहयोग से दी दबिश**

# चार महिला सहित 7 को पकड़ा, एक प्रकरण दर्ज

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/अलवर (खलील कुरैशी)।** अलवर जिले में साइबर ठगों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिले में चलाए जा रहे 'ऑपरेशन एंटीवायरस' के अंतर्गत जिले की मालाखेड़ा एवं लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस की टीम ने महाराष्ट्र एवं जोधपुर पुलिस के सहयोग से साइबर ठगी से प्रभावित दो गांव में दबिश देकर चार महिलाओं सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं एक साइबर ठग को डिटेन कर जोधपुर पुलिस को सौंप दिया।एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान एवं आईजी रैंज जयपुर के निर्देशन में ऑनलाइन ठगी करने वालों के विरूद्ध जिले में आपरेशन एंटीवायरस अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत साइबर ठगी से प्रभावित दो गांव में दबिश देकर राज्य कार्य में बाधा का एक प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपी गिरफ्तार किए गए, वहीं एक आरोपी को दस्तयाब कर जोधपुर पुलिस को सुपुर्द किया गया है एसपी शर्मा ने बताया कि एसएचओ मालाखेड़ा हितेश शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुंबई पुलिस के साथ साइबर ठगों की तलाश में नांगल तोड़ियार गांव में दबिश दी गई थी। इस दौरान पुलिस टीम के साथ राजकार्य में बाधा डालने वाले चार महिलाओं सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया गया। इसी प्रकार एसएचओ लक्ष्मणगढ़ श्रीराम मय टीम द्वारा ऑपरेशन एंटीवायरस के अंतर्गत साइबर ठगी से प्रभावित गांव बिचगांव में जोधपुर पुलिस के साथ दबिश देकर साइबर ठगी के एक आरोपी सोनू उर्फ लाला मीणा पुत्र उमराव को दस्तयाब किया। जिसे जोधपुर पुलिस को सौंप दिया गया।



---

**गढ़ीबाजना थाना पुलिस की कार्रवाई**

### हत्या का सबूत नष्ट करने का आरोपी पुत्र गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, जयपुर/ भरतपुर (खलील कुरैशी)।** भरतपुर में पत्नी की गोली मारकर हत्या कर देने के बाद पति व पुत्र द्वारा सबूत नष्ट करने के लिए लाश को जला देने के मामले में गढ़ीबाजना थाना पुलिस की टीम ने आरोपी बेटे केशव भील पुत्र बहादुर सिंह (33) निवासी हल्लनपुरा सहायपुर थाना गढ़ीबजाना को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी पति बहादुर सिंह (64) को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 26 मार्च 2024 को थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा निवासी परिवादी सुखचन्दी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बहन प्रेम उर्फ सुमेरा की उसके जीजा बहादुर सिंह ने 18 मार्च को शराब के नशे में गोली मारकर हत्या कर दी और उन्हें बिना सूचना दिए तीन-चार अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर उसकी बहन की लाश को जलाकर सबूत नष्ट कर दिए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी कच्छावा ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजेंद्र सिंह व सीओ अमर सिंह के सुपरविजन एवं एसएचओ हीरालाल के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई कर आरोपी पति बहादुर सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। आरोपी बेटा घटना के वक्त से ही फरार चल रहा था। पुलिस ने अब आरोपी बेटे केशव को भी गिरफ्तार कर लिया है।

---

**गांव नांदरी में महिला से दुष्कर्म एवं हत्या से जुड़ा मामला**

### आरोपी पक्ष के मकान में तोड़फोड़, लूटपाट और आग लगाने के दो और आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर/दौसा (खलील कुरैशी)।** दौसा जिले से मेहंदीपुर बालाजी थाना इलाके के नांदरी गांव निवासी महिला से दुष्कर्म-हत्या के बाद आरोपी एवं उसके परिवार के मकानों में तोड़फोड़, लूटपाट एवं पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की घटना में शामिल दो और आरोपियों रवि मीणा एवं श्रीकिशन उर्फ भोंदे मीणा निवासी गांव नांदरी को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में पुलिस इस मामले में 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है।एसपी रंजीता शर्मा ने बताया कि 27 अप्रैल को नांदरी गांव से एक महिला रात को घर से बाहर खेत पर पशुओं के लिए चारा लेने निकली थी। अगले दिन महिला के पति ने गांव के ही जगराम मीना पर अपनी पत्नी को गायब करने का संदेह जताते हुए गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पति की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। तलाश के दौरान 29 अप्रैल को महिला का शव नांदरी गांव में पहाड़ी की तलहटी में क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला।एसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर आरोपी जगराम मीना को उसी समय गिरफ्तार कर लिया था। महिला की हत्या से गुस्साए ग्रामीणों ने 2 मई को एक पंचायत बुलाई। रात करीब 9-10 बजे बड़ी संख्या में ग्रामीण आरोपी जगराम के घर पहुंचे। ग्रामीणों ने पेट्रोल डालकर हत्या के आरोपी और उसके परिवार के घरों को आग के हवाले कर दिया, साथ ही लाठी-डंडों और सब्बलों से जमकर तोड़फोड़ की। ग्रामीणों ने गांव नांदरी व ठिकरिया मोड़ स्थित आरोपी सहित उसके परिवार के तीन घरों को आग के हवाले कर दियाघटना की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज अनिल टांक के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश अग्रवाल व सीओ मानपुर दीपक मीना के सुपरविजन एवं एसएचओ गौरव प्रधान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा पूर्व में गांव नांदरी निवासी 10 आरोपियों सीताराम मीना, कालू मीना, नवीन मीना, लोहड़ी राम मीना, कमल मीना, प्यार सिंह मीना, मेघराज मीना, दीपक मीना, अनिल कुमार मीना एवं धर्मी सिंह मीना को गिरफ्तार कर लिया गया था।

---

### गर्मी एवं हीटवेव से बचाव के लिए संभागीय आयुक्त ने ली समीक्षा बैठक

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** जयपुर संभाग में भीषण गर्मी एवं हीटवेव से आमजन को राहत दिलाने के लिए संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक की अध्यक्षता में शुक्रवार को समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में संभागीय आयुक्त ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जयपुर संभाग में पेयजल व्यवस्था, जल जीवन मिशन के तहत लंबित विद्युत कनेक्शन, सहित अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को जल आपूर्ति के दौरान चेकिंग के समय पायी गई अनियमितताओं के निस्तारण करने के निर्देश दिये। साथ ही स्वीकृत ग्रीष्मकालीन आकस्मिक कार्य एवं अन्य स्वीकृत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों से संभाग में विद्युत आपूर्ति एवं अन्य संबंधित विषयों चर्चा की। बिजली एवं पानी बचाने हेतु आईईसी गतिविधियां की जाए। इसमें स्वयं सेवी संगठनों,औद्योगिक संगठनों का भी सहयोग लिया जाए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को संभाग में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं नियंत्रण कक्ष में प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गर्मी एवं हीटवेव के साथ-साथ मौसमी बीमारियों से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों से जुड़ी आवशयक इंतजाम, सफाई व्यवस्था, दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों एवं नर्सिंग कार्मिकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधिकारियों द्वारा गांवों में जल स्त्रोतों का चिन्हीकरण किया जाये एवं यथासंभव जल स्त्रोतों के पास वृक्षारोपण किया जाये। वृक्षारोपण हेतु प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित किया जाये एवं आने वाले मानसून में एक व्यक्ति-एक पेड़ अभियान प्रारम्भ किया जाए। वनीकरण, वृक्षारोपण कार्यों, मानसून में पौधारोपण अभियान की तैयारियों एवं विभागवार पौधारोपण के निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार ही नहीं अपितु लक्ष्य से अधिक पौधारोपण किये जाने के प्रयासों के साथ-साथ इनका रख-रखाव भी सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में आरुषि मलिक ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को गौशालाओं एवं संभाग के अन्य स्थलों पर जीव जन्तुओं के लिए पेयजल, खाद्य सामग्री, दवाईयों की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश जारी किये। साथ ही अधिकारियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित बिजली, पानी एवं स्वास्थ्य संबंधी शिकायत एवं समस्याओं का सकारात्मक रूप से समाधान करते हुए आमजन को राहत प्रदान करें। बैठक में बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वन विभाग एवं पशुपालन विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

### दबंगों ने दलित परिवार पर बरपाया कहर, न्याय के लिए जिला कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान**

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** बीते दिनों दबंग लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर दलित परिवार पर धारदार हथियारों से हमला कर देने का मामला सामने आया है। दलित परिवार पर दबंगों ने हथियारों से इस तरह से कहर बरपाया की परिवार के कई सदस्यों के हाथ पैर तोड़ दिए एवं एक व्यक्ति एसएमएस हॉस्पिटल में आईसीयू में भर्ती है। इसी को लेकर पीड़ित परिवार ने न्याय दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में बताया गया है कि पीड़िता 2 मई 2024 को शाम को पटटी चढ़ाकर बुग्गा से अपने गांव मई आ रहे थे तो रास्ते में आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारने के इरादे से अपने ट्रैक्टर से टक्कर मार दी। विरोध करने पर आरोपी विश्वेंद्र, पुत्र खुबीराम, खुबीराम पुत्र सूरजमल बीरबल पुत्र सूरजमल, भोलू पुत्र जितेंद्र, जाति जाट निवासी मई ने धारदार हथियारों से एवं बंदूक से पीड़ित परिवार शयाम सिंह मोरध्वज सुरेंद्र के साथ हमला कर दिया पीड़ित सुरेंद्र की हालत गंभीर होने पर एसएमएस हॉस्पिटल में आईसीयू में इलाज जारी है। उक्त घटना के संबंध में पुलिस थाना लखनपुर में एफआईआर दर्ज करा दी गई। लेकिन पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि इतनी गंभीर स्थिति होने के बाबजूद पुलिस प्रशासन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है। प्रशासन आरोपियों को बचाने में लगा हुआ है। दबंग परिवार राजीनामे के लिए दबाब बनाता है।

---

### सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक महिला गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान, वैर (राजवीर सिंह)।** वृताधिकारी वृत भुसावर धर्मेन्द्र शर्मा आरपीएस ने बताया कि 20 मई 2024 को एक व्यक्ति ने गांव सिरस थाना वैर निवासी सोना पत्नी महेन्द्रसिंह के विरूद्ध उसकी नाबालिग बहिन लडकी को बहला फुसलाकर अपहरण कर लेजाने तथा उसके साथ सामुहिक दुष्कर्म करने का एक मामला थाना वैर में दर्ज कराया था। उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी सोना उम्र 40 साल जाति जाटव निवासी सिरस थाना वैर को गिरफ्तार किया गया है।

---

# राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 10 से 13 जून तक होंगे विविध आयोजन

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में 10 से 13 जून तक सेरेमोनियल परेड, रक्तदान शिविर, सफाई अभियान, पुलिस बैंड डिस्प्ले, सेमीनार, खेलकूद प्रतियोगिताएं और पौधारोपण के कार्यक्रम आयोजित होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस दिवस मनाया जाता है। इस बार गत 16 अप्रैल को राजस्थान पुलिस दिवस के अवसर पर लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के मध्यनजर पुलिस मुख्यालय सहित पुलिस आयुक्तालय, पुलिस रेंज, पुलिस जिलों, पुलिस प्रशिक्षण संस्थान और पुलिस यूनिट्स में औपचारिक कार्यक्रम हुए थे। अब पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में राज्य स्तरीय कार्यक्रम के अलावा सभी पुलिस रेंज, पुलिस जिला एवं पुलिस यूनिटों में भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई है।

**राज्य स्तरीय समारोह आरपीए में होगा**

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य राज्य स्तरीय समारोह 12 जून को राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर में आयोजित होगा, इसमें मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा परेड की सलामी लेंगे। परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी, चतुर्थ एवं पांचवी बटालियन आरएसी, हाड़ी रानी बटालियन, एसडीआरएफ, जीआरपी, एमबीसी एवं ईआरटी की एक-एक प्लाटून के अलावा जयपुर पुलिस आयुक्तालय की तीन प्लाटून (निर्भया स्कवॉड प्लाटून, पुलिसकर्मी प्लाटून और यातायात प्लाटून) सहित कुल 11 प्लाटून भाग लेंगी। जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र के ऐसे आमजन जिन्होंने जीवन रक्षा अथवा किसी घटना/दुर्घटना के मौके पर पुलिस को सहयोग किया हो, उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए परेड समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा परेड समारोह में जयपुर आयुक्तालय के थानों के सीएलजी एवं शांति समिति के सदस्य एवं रिटायर्ड पुलिस कार्मिकों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्रदान करेंगे**



**राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री लेंगे परेड की सलामी**

राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा परेड के बाद उत्कृष्ट सेवाओं के लिए पुलिस अधिकारी एवं कार्मिकों को पुलिस पदक प्रदान करेंगे। इससे पहले पुलिस मुख्यालय एवं जयपुर स्थित पुलिस यूनिटों में कार्यरत पुलिस कार्मिकों को उत्तम, अति-उत्तम एवं सर्वोत्तम सेवा चिह्नों आदि पदकों का वितरण सम्बंधित यूनिट और शाखा के स्तर पर किया जाएगा।

**रक्तदान शिविरों से होगी शुरूआत**

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुलिस स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की शुरूआत रक्तदान शिविरों के साथ होगी। राज्य स्तर पर आरपीए परिसर तथा जिलों में पुलिस लाइंस में ये रक्तदान शिविर 10 अथवा 11 जून को आयोजित होंगे। इसी क्रम में राज्य में पुलिस के भवनों और परिसरों में स्वच्छता के लिए सफाई अभियान चलाया जाएगा। वहीं जिला पुलिस लाइंस में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता और डांस कॉम्पीटिशन जैसी गतिविधियां आयोजित होगी। इसके अलावा राज्य के चुनिंदा पुलिस थानों में बच्चों की विजिट भी कराई जाएगी। राज्य, रेंज और जिला स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रमों का आयोजन भी रखा गया है।

**जयपुर में पुलिस बैंड डिस्प्ले 12 जून को**

डीजीपी ने बताया कि बुधवार, 12 जून को जयपुर में जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर शाम 7 बजे से पुलिस बैंड का प्रदर्शन किया जाएगा, इसमें राजस्थान पुलिस कें सैन्ट्रल बैंड, हाड़ी रानी बटालियन और संयुक्त बैंज (ब्रास बैंड) का डिस्प्ले होगा। गुरुवार, 13 जून को जयपुर एवं रेंज हैडक्वार्टर पर पुलिस अधिकारियों के 'फोन इन इंटरव्यू' एफएम और आकाशवाणी चैनल्स पर प्रसारण होगा। इसके बाद 13 जून को प्रातः 10 बजे से 11.30 बजे तक जयपुर में आरपीए में पुलिस कार्यों में विधि विज्ञान से जुड़े विषयों पर सेमीनार आयोजित होगा। इसी दिन शाम को आरपीए में सांस्कृतिक संध्या और बड़ा खाना का आयोजन रखा गया है।

**डीजीपी की अध्यक्षता में विभिन्न समितियों का गठन**

महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू की अध्यक्षता में राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर राजस्थान पुलिस अकादमी एवं रेंज मुख्यालयों सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक समन्वय समिति गठित की गई है। इस समिति में महानिदेशक पुलिस प्रशिक्षण जंगा श्रीनिवास राव, महानिदेशक, एससीआरबी एवं साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी, महानिदेशक पुलिस इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल सहित अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के अन्य अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है।

**ये सम्भालेंगे अलग-अलग समितियों का जिम्मा**

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस समारोह के आयोजन के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, मुख्यालय एस.सेंगाथिर की अध्यक्षता में अलंकरण (इंवेस्टिट्यूर) समिति, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड सचिन मित्तल की अध्यक्षता में प्रचार व आमंत्रण समिति, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कम आरपीए निदेशक पी. रामजी की अध्यक्षता में परेड एवं ग्राउन्ड प्रिप्रेशन समिति, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, पुनर्गठन डॉ. प्रशाखा माथुर की अध्यक्षता में सेमिनार समिति एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, आर्म्ड बटालियन आनन्द श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बड़ा खाना समिति गठित की गई है इसी प्रकार अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, यातायात हवासिंह घूमरिया की अध्यक्षता में मोमेंटो समिति, अतिरिक्त महानिदेशक आयोजना एवं कल्याण गोविंद गुप्ता की अध्यक्षता में बैंड डिस्प्ले समिति, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस नियम सुनील दत्त की अध्यक्षता में सांस्कृतिक प्रोग्राम समिति एवं एवं जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसेफ की अध्यक्षता में ट्रांसपोर्ट कमेटी गठित की गई है।

# राज्य ने डब्ल्यूबीसीएस व नौकरियों की नई प्रक्रिया रोक दी

संवाददाता

**कोलकाता।** हाल ही में कोलकाता हाई कोर्ट ने 2010 के बाद से ओबीसी प्रमाणपत्रों को दिए गए सभी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए हैं। यानी हाईकोर्ट ने 2011 से जारी सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द कर दिए हैं। जिसके चलते 5 लाख ओबीसी सर्टिफिकेट एक झटके में रद्द कर दिए गए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि उन्हें हाई कोर्ट का फैसला मंजूर नहीं है। नबान्न सूत्रों के मुताबिक, राज्य (पश्चिम बंगाल सरकार) ने ओबीसी पर कोलकाता हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी शुरू कर दी है।



प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट जाकर कम से कम शुरूआत में स्थगन आदेश लेने की कोशिश की जायेगी। बाकी प्रक्रिया कोर्ट के आदेश के बाद तय की जाएगी। इस बीच, राज्य सरकार ने अदालत के फैसले के कारण डब्ल्यूबीसीएस और अन्य नौकरियों की नई प्रक्रिया को फिलहाल रोकने का फैसला किया है।

जानकारों के मुताबिक, कोर्ट के फैसले से भले ही कर्मचारियों को कोई दिक्कत न हो, लेकिन नौकरी चाहने वालों को दिक्कत जरूर होगी। किसी भी भर्ती में रिक्तियों के संबंध में पदों की संख्या सामान्य, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जाति या ओबीसी आरक्षण के अनुसार तय की जाती है। वर्तमान में ओबीसी-प्रमाणपत्रों की जटिलताओं के कारण उन्हें छोड़कर रोस्टर बनाना संभव नहीं है। परिणामस्वरूप, चूंकि भर्ती अधिसूचना फिलहाल प्रकाशित नहीं की जा सकती, इसलिए जॉब टेस्ट में चयनित उम्मीदवारों को बुलाने में भी समस्या आ सकती है। ओबीसी में नामांकित छात्र भी परेशान हैं।

राज्य ने ओबीसी पर सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त होने तक फिलहाल डब्ल्यूबीसीएस मुख्य परीक्षा आयोजित नहीं करने का फैसला किया है। जानकारों के मुताबिक नई नौकरियों के विज्ञापन से लेकर भर्ती प्रक्रिया तक सब कुछ फिलहाल रुका हुआ है।

## 11 को प्रशासनिक बैठक करेंगी ममता




**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव खत्म हो चुके हैं। इस बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी फिर से राज्य के विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हैं। इसलिए इस बार ममता प्रशासनिक बैठक पर ध्यान दे रही हैं। 11 जून को नबान्न मीटिंग हॉल में एक मेगा मीटिंग होगी। वहां सभी विभागों के मंत्री और सचिव, संयुक्त सचिव मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बैठक में सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहेंगे। उस दिन की बैठक में राज्य भर में कहां-कहां प्रशासनिक कामकाज बंद है, इसकी समीक्षा की जायेगी। मुख्यमंत्री और तृणमूल नेत्री 31 मार्च से कोलकाता से बाहर हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए एक जिले से दूसरे जिले का दौरा किया। कोलकाता में आखिरी दौर का मतदान 1 जून को था। इससे पहले ममता बनर्जी कोलकाता लौट आईं। अब वोट खत्म हो गया है। बंगाल की 42 सीटों में से 29 पर तृणमूल का कब्जा है। बंगाल में लगभग सबुज तूफान। इससे पार्टी नेत्री काफी खुश हैं। लेकिन इस बार एक बार फिर वह राज्य के विकास के सिलसिले को बरकरार रखने पर फोकस करना चाहते हैं।

## एक नजर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

### माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के सामने भूमिगत पार्किंग

- राजस्थान उच्च न्यायालय के गेटं. 1 से गेट नं 3 के मध्य माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर आधी सडक का ट्रेफिक 6 जून की मध्यमरात्रि से किया जायेगा बंद




**चमकता राजस्थान। जयपुर,!(खलील कुरैशी) 07 जून।** जयपुर विकास प्राधिकरण के राजस्थान उच्च न्यायालय के सामने अण्डरग्राउण्ड पार्किंग के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट को तीव्रगति से पूर्ण करने हेतु माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के गेटं. 1 से गेट नं 3 के मध्य माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की ओर आधी सडक को बन्द कर कार्य किया जायेगा। यह ट्रैफिक व्यवस्था गुरूवार, 06 जून 2024 की मध्यरात्रि से प्रारम्भ की जायेगी।जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि वर्तमान में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा राजस्थान उच्च न्यायालय के सामने अण्डरग्राउण्ड पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के अन्तर्गत-रामबाग गोल्फ क्लब में मौजूदा पार्किंग क्षेत्र में 02 स्तरीय भूमिगत पार्किंग का लगभग 10000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्माण किया जा रहा है। उक्त पार्किंग में लगभग 500 चौपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था होगी।उक्त पार्किंग से राजस्थान उच्च न्यायालय के गेट नं. 2 की ओर जाने हेतु पैदल यात्री सब-वे का निर्माण भी किया जावेगा।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव

**भागलपुर।** जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र अंतर्गत बहादुरपुर रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव बरामद हुआ है। घटना के बाबत बताया जा रहा है कि गुरुवार को ही मृतक शिवम अपने परिवार के साथ काठमांडू से अपने घर आया था। इसके बाद बीते शाम किसी काम से शिवम अपने घर से निकला। जब रात तक वह वापस नहीं आया तो परिजन के द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई। आज सुबह पता चला कि एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा हुआ है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक के फूफा सोनू कुमार ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हालांकि किसी से उसकी कोई दुश्मनी भी नहीं थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिलें के रहुई थानाक्षेत्र के धर्मसिंह गांव में दहेज के खातिर नवविवाहिता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। मृतिका 20 साल की गीता देवी है। घटना की सूचना रहुई थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने घटनास्थल से शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया है । इस संबंध में एक प्राथमिकी रहुई थाने में दर्ज की गयी है। थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि मृतिका के परिजन ने जहानाबाद जिले के काको गांव निवासी शैलेंद्र कुमार से एक साल पहले अपनी पुत्री की शादी की थी। शादी के समय से ही दहेज में राशि की मांग की जा रही थी ,जिसें पूरा करने में परिजन सक्षम नही थें । राशि नहीं मिलने के कारण ससुराल वालों ने घटना को अंजाम दिया है ऐसा परिजन का कहना है। नालंदा पुलिस मामले की जांच में जुट गयी हैं।

## भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र से बांग्लादेशी मवेशी तस्कर धराया



**जलपाईगुड़ी।** जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के सिलीगुडी सेक्टर के अंतर्गत 15 वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) महादेव के सीमा प्रहरियों ने एक बांग्लादेशी मवेशी तस्कर को पकड़ा है। पकड़े गए मवेशी तस्कर का नाम मोहम्मद फरीद उर्फ फोतीक (32) है। बीएसएफ ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बीएसएफ के अनुसार, मोहम्मद फरीद को उस समय पकड़ा गया जब वह भारत से बांग्लादेश में मवेशियों की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। पकडे गए बांग्लादेशी तस्कर ने खुलासा किया कि वह लंबे समय से पशु तस्करी की गतिविधियों में शामिल है। उसने बताया कि भारत से बांग्लादेश मवेशी को पार करने के लिए 4000 रुपये मिलते हैं। पकडे गए बांग्लादेशी तस्कर को जब्त सामान के साथ बीएसएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए कोतवाली थाने को सौंप दिया है।

## मतदान के नतीजे के बाद गोलीबारी व बमबारी, टीटागढ़ में व्यापक उत्तेजना



संवाददाता

**कोलकाता।** चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद टीटागढ़ में बापक हिंसा देखा गया। रात के अंधेरे में गोलियां और बम चलते रहे। तृणमूल कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने अशांति का ठीकरा भाजपा के सिर पर फोड़ा। हालांकि, गेरुआ शिबिर ने इस आरोप का खंडन किया।

टीटागढ़ बराकपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। लोकसभा चुनाव में तृणमूल ने बीजेपी उम्मीदवार अर्जुन सिंह को हराया है। तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक भारी मतों से जीते। गुरुवार की रात टीटागढ़ नगर पालिका लागोआ इलाके में तृणमूल की सफलता का जश्न मना रही थी। खाना पीना चल रहा था। आरोप है कि उनके बीच कई युवक रतन, विकास, किशन, कालू और रामू भी आ गए। ये सभी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता माने जाते हैं। कथित तौर पर युवकों ने तृणमूल कार्यकताओं और समर्थकों पर गोलीबारी की और बम फेंके। स्थानीय तृणमूल के कार्यकताओं-समर्थकों ने दावा किया कि कम से कम 3 राउंड गोलियां और एक बम चलाया गया। घासफुल शिबिर का दावा है कि इलाके में आतंकवाद इसलिए चल रहा है क्योंकि वे चुनाव नहीं जीत सके। हालांकि, बीजेपी ने घासफूल शिबिर के दावे का खंडन किया है। क्षेत्र ने गोलीबारी और बमबारी के आरोपों से इनकार किया है।

## मोतिहारी में राज्यस्तरीय अंडर-17 शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ




एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** बिहार राज्य अंडर 17 शतरंज प्रतियोगिता एसएस राय ट्रॉफी का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मोतिहारी शहर के अगरवा स्थित एस. एस. राय विवाह भवन में जिला खेल पदाधिकारी गौरव कुमार एवं रोटरी प्रेसिडेंट डॉ एलबी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया गया। मौके पर जिला खेल पदाधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि मोतिहारी में राज्यस्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन गर्व की बात है। पूर्वी चंपारण जिला शतरंज संघ द्वारा लगातार शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है । जिससे खिलाड़ियों में उत्साह है। उन्होंने कहा इस आयोजन में जिला प्रशासन की तरफ से यथा संभव मदद की जाएगी। रोटरी मोतिहारी के अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एल बी प्रसाद ने कहा कि शतरंज से खिलाड़ियों का मानसिक एवम बौद्धिक विकास होता है। नन्हें शतरंज बाजीगरों को इस गर्मी में लू से बचने के उपाय भी बताएं। राज्यस्तरीय आयोजन के सचिव धनंजय कुमार ने बताया कि में प्रतियोगिता में बिहार राज्य के लगभग सभी जिलों के करीब 100 से भी अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमे राज्य के टॉप रेटेड खिलाड़ी देव राज, रेटिंग 1684 मनीष यादव (रेटिंग 1609,तेजस शांडिल्य रेटिंग 1585, प्रत्युष कुमार रेटिंग 1585 के साथ साथ मोतिहारी से नंदनी, अर्पिता, देवेश पाठक भी भाग ले रहे है। टूनामेंट में बालक -बालिका दोनो वर्गो में शीर्ष 2-2 खिलाड़ियों का चयन अगले माह चंडीगढ़ में होने वाले राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता अंडर 17 के लिए किया जाएगा जो बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## बिजली को लेकर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को घंटों बनाया बंधक



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली प्रखंड के सुकुल पाकड़ पंचायत में 32 घंटे से बिजली नही मिलने से आक्रोशित ग्रामीणो ने अपने पंचायत के मुखिया और सरपंच को एक दुकान में बंदकर घंटों बंधक बना लिया।ग्रामीण पिछले दो दिनो से बिजली आपूर्त्ति बाधित होने से आक्रोशित थे। इन लोगो ने पंचायत के मुखिया अशफाक अहमद, पूर्व मुखिया ब्रह्मदेव सहनी,सरपंच ओम प्रकाश सिंह,पूर्व सरपंच रविन्द्र सहनी,उप मुखिया जग सहनी को घंटो बंधक बनाये रखा।

ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों पर आरोप लगाया कि बिजली विभाग के एसडीओ और कनीय अभियंता सुगौली फोन पर उभोक्ताओं से बात नही करते है।गर्मी से लोग परेशान हैं इस परिस्थिति में बिजली नही रहने से शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के घरों में अंधेरा रह रहा है,वही लाइट नही रहने से पीने के पानी भी मयस्सर नही हो पा रहा है। लोग लगातार परेशानी झेलने को अभिशप्त है। पड़ती है। बिजली के आने के इंतजार में लोग घर से बाहर निकल कर बैठे रहे। ग्रामीणों ने बताया कि थोड़ी सी आंधी-पानी से बिजली का खंभा गिर जाता है,क्योकी खंभों को मात्र एक-दो फीट गहरा गाड़ा गया है।जो हल्की हवा के झोंकों को भी बर्दाश्त नही कर पाता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मियों के पास फोन करने पर वे लोग फोन नही उठाते हैं।

## कहलगांव ने राज्य की पहली सीमेंट मुक्त गियोपोलिमर सड़क का किया उद्घाटन

एजेंसी

**भागलपुर।** भागलपुर के कहलगांव स्थित एनटीपीसी परियोजना प्रमुख अजय शर्मा ने नवनिर्मित गियोपोलिमर सड़क का उद्घाटन किया। यह बिहार में अपनी तरह की पहली सड़क है, जिसमें सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया है। एनटीपीसी के नारायणपुर गेट से एमजीआर सर्विस रोड क्षेत्र में स्थित यह सड़क 2.9 किलोमीटर लंबी है। इसमें 2000 मीट्रिक टन फ्लाई ऐश और स्टील प्लांट्स से प्राप्त ग्राउंड ग्रैन्युलेटेड ब्लास्ट फर्नेस स्लैग्स का इस्तेमाल किया गया है। इन सामग्रियों को सोडियम हाइड्रॉक्साइड और सोडियम सिलिकेट जैसे रसायनों के साथ मिलाकर सड़क बनाई गई है। यह तरीका पर्यावरण-अनुकूल है। क्योंकि, इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम होता है और औद्योगिक अपशिष्ट का सही उपयोग होता है। सड़क के उद्घाटन के साथ ही एनटीपीसी कहलगांव ने द स्टैच्यू ऑफ ग्रीन इनोवेशन का भी अनावरण किया। इसे भी गियोपोलिमर कंक्रीट से बनाया गया है। इस पहल का मकसद पर्यावरण अनुकूल निर्माण सामग्रियों के फायदों के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। परियोजना प्रमुख अजय शर्मा ने कहा कि यह सड़क योजना पर्यावरण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे अन्य निर्माण परियोजनाओं को प्रेरणा मिलेगी। शर्मा ने कहा कि फ्लाई ऐश और जीजीबीएस का उपयोग करके एनटीपीसी कहलगांव पर्यावरण प्रदूषण को कम करता है और हरित आधारभूत निर्माण को बढ़ावा देता है। यह गियोपोलिमर सड़क पारंपरिक कंक्रीट सड़कों से ज्यादा टिकाऊ और स्थायी है। इससे भविष्य में बनने वाली सड़कों के लिए एक नया मानक स्थापित होगा।



## सिलीगुड़ी शतरंज में आयुष द्वितीय

**किशनगंज।** सिलीगुड़ी के पाटी कॉलोनी, स्पोर्टिंग क्लब में आमरा सबाई नोतुन दिशा प्रथम रैपिड एज ग्रुप शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हुआ। सिलीगुड़ी शतरंज में किशनगंज के आयुष ने अंडर-16 आयु वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता तथा जिले का मान बढ़ाया है। इस चेस प्रतियोगित में किशनगंज जिले के अलावा सिलीगुड़ी, जलपाईगुड़ी, धूपगिरी, कूच बिहार, रायगंज, मुर्शिदाबाद, दुगार्पुर, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार, सिक्किम सहित आसपास के क्षेत्रों से कुल 98 बाल खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें अपने जिले तथा चेस क्रॉप्स के प्रशिक्षुगण यथा आयुष कुमार, रित्विक मजूमदार, धान्वी कर्मकार, रौनक साहा एवं सार्थक आनंद भी शामिल थे। इन बाल खिलाड़ियों के अभिभावकगण यथा बासुकी नाथ गुप्ता, रणोजीत मजूमदार, कमल कर्मकार, दिव्या कर्मकार एवं अन्य ने अपने-अपने बच्चों को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित करवाया।

## ओड़िया बैंकर्स क्लब की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन



संवाददाता

**कोलकाता।** द ओड़िया बैंकर्स क्लब कोलकाता चैप्टर ने कोलकाता स्थित खिदिरपुर जगन्नाथ मंदिर में अपनी वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न बैंकों के ओड़िया के महाप्रबंधक तक के समस्त संवर्ग के बहुतायत अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में क्लब द्वारा विगत वर्षों की सामाजिक गतिविधियों का ब्यौरा दिया और समस्त ओड़िया बैंकर्स के प्रति उनकी सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया। तत्पश्चात कार्यसूची के अनुसार नए नियामक मंडल के चयन हेतु मतदान करवाया गया। मुख्य सलाहकार के रूप में श्री लोकनाथ साहू, महाप्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, महासचिव के रूप में श्री पुष्कर तराई, महाप्रबंधक पीएनबी एवं अध्यक्ष के रूप में डॉ. किशोर बेहेरा, सेवानिवृत्त महाप्रबंधक, इंडियन बैंक सर्वसम्मति से चुने गए। अधिक समावेशी और प्रतिभागितापूर्ण बनाने के लिए प्रत्येक बैंक से एक सदस्य को कार्यपालक सदस्य के रूप में शामिल किया गया। ततपश्चात अगले माह पारिवारिक मिलन समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके आगे, पुष्कर तराई, महासचिव ने कुछ सामाजिक गतिविधियाँ जैसे कोलकाता के चिह्नित विद्यालयों में गरीब विद्यार्थियों को किताबें, नोटबुक आदि वितरित करने का सुझाव दिया।

### मॉनसून से पहले दुर्घटनाएं रोकने के लिए नगर पालिका ने उठाए कदम

## बिजली विभाग ने 3 लाख लाइटपोस्टों की अर्थिंग का काम शुरू किया

संवाददाता

**कोलकाता।** बारिश के चलते शहर में लाइट पोस्ट छूने से मौत की घटना घटी। इसे रोकने के लिए नगर पालिका ने कदम उठाया। बारिश से पहले कोलकाता नगर पालिका के प्रकाश विभाग ने कोलकाता में 3 लाख लाइट पोस्टों की अर्थिंग का काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में नगर निगम प्रकाश विभाग के अधिकारियों ने बताया कि लाइट पोस्ट में विद्युत ऊर्जा को अन्य ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है। इन धातु लैंप पोस्टों पर कई हजार वोल्ट की बिजली गिरने से गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यदि बिजली किसी प्रकाश स्तंभ से टकराती है, तो बिजली की कुछ धारा संबंधित प्रकाश स्तंभ के ध्रुव पर रह सकती है। जिससे करंट लगने की प्रबल संभावना है। यह अतिरिक्त बिजली लाइटपोस्ट के आसपास चलने वाले लोगों के लिए खतरनाक है। केवल एक ही रास्ता है. उस अतिरिक्त बिजली को अर्थिंग के माध्यम से जमीन पर भेजें। मेयर परिषद संदीपरंजन बख्शी ने कहा कि इसीलिए नगर पालिका मानसून से पहले कोलकाता में 3 लाख लाइट पोस्टों पर अर्थिंग कर रही है। जब बिजली गिरेगी तो बिजली सीधे जमीन पर जाएगी। प्रत्येक लाइट पोस्ट के पास छेद खोदे जाते हैं और तार डाले जाते हैं। तार का एक हिस्सा लाइट पोस्ट से जोड़ा जाएगा। अर्थिंग का तरीका क्या है? नगर पालिका नंबर एक बोरो के कार्यकारी अभियंता कोल्लोल रॉय ने कहा, लैंप पोस्ट से लगभग एक मीटर की दूरी पर गड्ढा खोदा जा रहा है। लगभग दस फीट गहरा गड्ढा खोदकर उसमें दो इंच मोटा पाइप डाला जाता है। अंत में, छेद को चूने और चारकोल से भरा जा रहा है। उससे पहले लैंप पोस्ट को उस पाइप से जोड़ दिया जाता है। उस स्थिति में, यदि बिजली लैम्पपोस्ट से टकराती है, तो वह जमीन पर गिर जाएगी। नगर निगम सूत्रों के मुताबिक प्रत्येक लाइट पोस्ट पर अर्थिंग पर औसतन 2,000 रूपए खर्च हो रहा है। इसके मुताबिक नगर निगम 3 लाख लाइट पोस्टों पर 60 करोड़ रुपये खर्च करेगा। लाइटपोस्ट के आसपास की जमीन नीची है। ईंट या पेवर ब्लॉक हैं। वहां अर्थिंग करने में कुछ अतिरिक्त लागत आती है। फिलहाल शहर में तीन लाख बिजली के खंभे हैं। कल्लोल रॉय के अनुसार, लाइटपोस्ट को अवांछित बिजली से बचाने के लिए, विद्युत प्रवाह को केबल की मदद से उसके धातु आवरण से जमीन तक सुरक्षित रूप से प्रसारित किया जाना चाहिए।

- इसके मुताबिक नगर निगम 3 लाख लाइट पोस्टों पर 60 करोड़ रुपये खर्च करेगा।



## ओडिसी आश्रम का 31वां वार्षिक नृत्य महोत्सव - 'एक ओडिसी शाम'

संवाददाता

**कोलकाता।** ओडिसी नृत्य ने भारतीय संस्कृति को पुनर्जीवित किया है। इसके नर्तक दूसरों की तुलना में अधिक हैं। यह हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है, यह बात गुरुवार को कोलकाता के रवींद्र सदन में ओडिशा आश्रम के 31वें वार्षिक समाबर्त्तन समारोह में शामिल हुई अतिथि ने कहा कि ओडिसी नृत्य की भव्यता, भक्ति, सौंदर्य, लय, लय मंत्रमुग्ध कर देने वाली है। यह पूरे देश और विदेश में लोकप्रिय है। अतिथियों में से एक, संगीत निर्देशक डॉ. उपाली चट्टोपाध्याय ने कहा कि गुरु गिरिधारी नायक द्वारा स्थापित ओडिसी आश्रम 'ओडिशी नृत्य' में अग्रणी शैक्षणिक संस्थान है। नृत्यांगना सुजाता नायक एक विरासत की हकदार हैं, ओडिशा हमारी नृत्य संस्कृति का मुखपत्र है। ओडिशा आश्रम संचालिका गुरु मां तमालिका नायक ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। आश्रम की सम्पादिका सुजाता नायक ने स्वागत भाषण और धन्यवाद ज्ञापन किया। इस ओडिशी शाम के कार्यक्रम में आश्रम के छात्रों ने पल्लबी, मंगलाचरण के साथ बिभिन्न नृत्यों से मंत्रमुग्ध कर दिया।



## एक नजर

### प्रियंका संभालेंगी सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कमान

**कोलकाता।** कोलकाता में 12 जून से शुरू हो रही बंगाल प्रो टी20 लीग में प्रियंका बाला सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी को लेकर काफी उत्साहित हैं। 11 जून से 28 तक चलने वाली इस रोमांचकारी लीग का महिला चरण 12 जून को साल्ट लेक के जादवपुर विश्वविद्यालय में शुरू होगा। कप्तानी को लेकर प्रियंका बाला कहती हैं, हालांकि मैं पहले भी टीमों की कप्तानी कर चुकी हूं पर बंगाल प्रो टी 20 लीग एक बड़ा मंच है और सवोर्टेक सिलीगुड़ी स्ट्राइकर्स की कप्तानी करना मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मुकाबलों की तैयारी को लेकर प्रियंका ने कहा कि हम अपनी रणनीति के हिसाब से चल रहे हैं और इसके लिए टीम नेट्स में खूब पसीना भी बहा रही है। टीम अपना पहला मुकाबला 12 जून को हार्बर डायमंड्स के खिलाफ खेलेगी। महिला प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहीं प्रियंका कहती हैं, महिला प्रीमियर लीग में मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है, वहां मैंने देशी खिलाड़ियों से लेकर विदेशी खिलाड़ियों तक के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया और उनसे बहुत कुछ सीखा। जिसका फायदा बंगाल प्रो टी 20 लीग में हमें जरूर मिलेगा। वह आगे बताती हैं, हम घरेलू टूर्नामेंट में बंगाल के लिए खेलते हैं, लेकिन बंगाल प्रो टी20 लीग एक बड़ा प्लेटफार्म है, जो नए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा। अरीवा स्पोर्ट्स की देखरेख में आयोजित बंगाल प्रो टी 20 लीग की नींव आईपीएल की तर्ज पर रखी गई है जिसमें पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में 8 फ्रेंचाइजी टीमें शामिल हैं और इसकी शुरूआत 11 जून से ईडन गार्डन में होगी।

### चेन्नईयिन एफसी ने डिफेंडर लालडिनपुइया के साथ किया तीन साल का करार



**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को डिफेंडर पीसी लालडिनपुइया के साथ तीन साल का करार किया है। मिजोरम के 27 वर्षीय खिलाड़ी को डिफेंस के साथ-साथ मिडफील्ड में भी खेलने की अपनी क्षमता के लिए जाना जाता है। जमशेदपुर एफसी के साथ शानदार प्रदर्शन के बाद वह मरीना माचांस में शामिल हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि लालडिनपुइया ने 2022 में ओवेन कॉयल के नेतृत्व में जमशेदपुर के साथ इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में पदार्पण किया और वह उसी वर्ष आईएसएल लीग शील्ड जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। ओवेन कॉयल के नेतृत्व में पहले खेल चुके इस प्रतिभाशाली फुटबॉलर को मुख्य कोच की खेल शैली की अच्छी समझ है और उम्मीद है कि जब वह चेन्नईयिन में स्कॉट्समैन के साथ फिर से जुड़ेंगे तो महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लालडिनपुइया ने दीर्घकालिक सौदे पर हस्ताक्षर करने के बाद एक बयान में कहा,जब उन्होंने मुझे बताया कि वे मुझमें रुचि रखते हैं, तो मैं क्लब में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित था। मैं उनकी प्रणाली और सब कुछ जानता हूं इसलिए मैं उनके अधीन खेल सकता हूं। मुख्य कोच कॉयल ने कहा, लालडिनपुइया के रुप में हमें एक शानदार सीजन के बाद एक अविश्वसनीय सेंटर बैक मिला है। मैंने उनके साथ कुछ समय तक काम किया है और मुझे विश्वास है कि उन्हें टीम में खूब पसंद किया जाएगा।

### एफसी गोवा ने ओडेई ओनाइंडिया के अनुबंध को एक और सत्र के लिए बढ़ाया



**फातोर्दा।** एफसी गोवा ने स्पैनिश सेंटर-बैक ओडेई ओनाइंडिया के करार को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। ओनाइंडिया आगामी सत्र तक क्लब के साथ बने रहेंगे। पिछली गर्मियों में गोवा की टीम में शामिल हुए ओनाइंडिया ने 2023-24 सीजन में टीम की रक्षात्मक मजबूती और नेतृत्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत ओनाइंडिया ने क्लब के लिए 32 मैच खेले और मुख्य कोच मनोलो मार्केज के तहत सिर्फ एक मैच मिस किया। उनकी उपस्थिति ने एफसी गोवा को डूरंड कप 2023 और आईएसएल कप प्लेऑफ के सेमीफाइनल में पहुँचाया और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 लीग चरण में तीसरे स्थान पर रखा। उल्लेखनीय रूप से, डिफेंडर ने नौ मैचों में टीम की कप्तानी भी की, जिससे मैदान के अंदर और बाहर उनकी नेतृत्व क्षमता का पता चलता है। अपने अनुबंध विस्तार पर ओडेई ओनाइंडिया ने कहा, मैं एफसी गोवा के साथ अपनी यात्रा जारी रखने के लिए बेहद खुश हूं। पिछला सीजन शानदार रहा है, और प्रशंसकों, कर्मचारियों और मेरे साथियों से समर्थन बहुत बढ़िया रहा है। उन्होंने कहा,हम इस सीजन में अभियान का अंत बेहतरीन तरीके से करना चाहते थे, लेकिन दुर्भाग्य से ऐसा नहीं हुआ। लेकिन इससे हमारी महत्वाकांक्षा और बढ़ गई है, और मैं अपनी उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और आने वाले सत्र में और अधिक सफलता के लिए प्रयास करने के लिए उत्सुक हूं। 34 वर्षीय खिलाड़ी के नेतृत्व में, गोवा के डिफेंस ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं, जिसमें एक लीग सीजन में संयुक्त रूप से सबसे कम हार दर्ज करना और 2016 के बाद से एक लीग सीजन में क्लब द्वारा सबसे कम गोल खाना शामिल है। ये रक्षात्मक प्रयास गोवा को आईएसएल लीग सीजन में क्लब-रिकॉर्ड 45 अंक हासिल करने में मदद करने में महत्वपूर्ण थे, जो उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है।

## टी20 विश्वकप: फिर उलटफेर का शिकार हुई पाकिस्तान टीम

# यूएसए ने दी पाक टीम को पटखनी



### सुपर ओवर में यूएसए ने पांच रन से जीता मैच

एजेंसी

**टेक्सास ।** टी20 विश्व कप में एक बार फिर पाकिस्तान की टीम उलटफेर का शिकार हुई है। इस बार मेजबान टीम यूएसए ने सुपर ओवर में 5 रन से पाकिस्तान को मात दी है। पाकिस्तान की ओर से बनाए 159 रन के स्कोर की बराबरी करने के बाद यूएसए ने सुपर ओवर में 17 रन बनाए। जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम एक विकेट के नुकसान पर 13 रन ही बना सकी। इस तरह यूएसए ने पांच रन से मैच अपने नाम किया।

इससे पहले, पाकिस्तान ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 159 रन बनाए। पाक टीम के लिए कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 44 रन बनाए। हालांकि बाबर की यह पारी काफी धीमी रही। इसके बाद शादाब खान (25 गेंद में 40 रन) और शाहिन शाह आफरीदी (16 गेंद में 23 रन) ने तेज गति से रन बनाते हुए टीम को 159 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यूएसए के लिए नेस्तुश कनिग्जे ने 3 और सौरभ नेत्रवल्कर ने 2 विकेट झटके। जबकि अली खान और जसदीप सिंह को एक-एक सफलता मिली।

वहीं, पाकिस्तान के दिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएसए टीम के बल्लेबाजों ने सधी शुरूआत की। यूएसए को पहला झटका 36 के योग पर लगा जब ओपनर स्टीवन टेलर 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए कप्तान मोनांक पटेल (50 रन) ने एंड्रयू गस (35 रन) के साथ मिलकर 68 रन की साझेदारी की और टीम को जीत की राह पर ला दिया।। तभी गस और मोनांक एक के बाद एक ओवर में आउट हो गए। तब टीम को जीत के लिए 49 रनों की जरूरत थी। हालांकि एरोन जोंस (36 रन) और नीतीश कुमार (14 रन) के ने दमदार बल्लेबाजी की लेकर टीम के लिए जरूरी 160 रन से एक कदम पीछे रह गए। स्कोर बराबरी पर रहने के बाद सुपर ओवर खेला गया, जिससे यूएसए ने जीत दर्ज की। पाकिस्तान के लिए मो. आमिर, हरीश राउफ और नसीम शाह को एक-एक विकेट मिला।

### अमन सेहरावत ने जीता रजत पदक

**बुडापेस्ट।** भारतीय फ्रीस्टाइल पहलवान अमन सेहरावत ने गुरुवार को हंगरी के बुडापेस्ट में आयोजित पोलाक इमरे और वर्गा जानोस मेमोरियल 2024 कुश्ती टूर्नामेंट में रजत पदक जीता। 2023 एशियाई चैंपियन, बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज में पुरुषों के 57 किग्रा के फाइनल में पूर्व विश्व चैंपियन और रियो 2016 ओलंपिक रजत पदक विजेता जापान के री हिगुची से 11-1 से हार गए। हिगुची पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में भी रजत पदक विजेता थे। सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली पर 11-1 से जीत के साथ शुरूआत की। उन्होंने 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आर्यन त्सुत्रिन को 14-4 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सहरावत इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान थे। पिछले महीने, 20 वर्षीय भारतीय पहलवान ने तुर्की के इस्तांबुल में विश्व ओलंपिक कुश्ती क्वालीफायर के माध्यम से भारत के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से पेरिस 2024 के लिए कुश्ती में भारत का पहला कोटा हासिल किया था। 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगट (50 किग्रा) और अंशु मलिक (57 किग्रा), अगले दो दिनों में बुडापेस्ट रैंकिंग श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## नॉर्वे शतरंज: प्रज्ञानानंद, वैशाली हारे

# कार्लसन, टिंगजी ने राउंड-9 में महत्वपूर्ण जीत दर्ज की



**कार्लसन ने राउंड 9 में अलीरेजा फिरौजा पर आमार्गेडन जीत के साथ अपनी बढ़त को बढ़ाया**

**वेनजुन, टिंगजी और मुजीचुक के बीच केवल 1.5 अंकों का अंतर है**

एजेंसी

**स्टावेंजर।** नॉर्वे शतरंज रोमांचक समापन की ओर बढ़ रहा है। प्रतियोगिता में राउंड 9 के सभी क्लासिकल गेम ड्रॉ पर समाप्त हुए, जिसके बाद मैच विजेता का निर्धारण करने के लिए आमार्गेडन टाई-ब्रेकर का सहारा लिया गया।

भारत के आर प्रज्ञानानंद को आमार्गेडन में फैबियानो कारुआना के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिनके पास खिताब जीतने का एक बाहरी मौका है। प्रज्ञानानंद को जीत के लिए जरूरी अंतिम राउंड में हिकारू नाकामुरा को हराना होगा और उम्मीद करनी होगी कि स्थानीय हीरो मैग्नस कार्लसन कारुआना के खिलाफ अपना गेम हार जाएं।

पांच बार के विश्व चैंपियन कार्लसन ने राउंड 9 में अलीरेजा फिरौजा पर आमार्गेडन जीत के साथ अपनी बढ़त को बढ़ाया। इसका मतलब है कि कार्लसन के लिए अंतिम राउंड में जीत उन्हें टूनार्मेंट जीतने की गारंटी देगी। आमार्गेडन में मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हारने वाले नाकामुरा को टूनार्मेंट जीतने का मौका पाने के लिए प्रज्ञानानंद के खिलाफ ब्लैक के साथ आखिरी गेम जीतना होगा।

इस बीच, महिलाओं के टूर्नामेंट में, दिन की एकमात्र क्लासिकल जीत लेई टिंगजी बनाम वैशाली आर गेम से मिली। चीनी ग्रैंडमास्टर ने 30 चालों में सफेद मोहरों के साथ वैशाली के खिलाफ निर्णायक जीत हासिल की और अंतिम दौर में टूर्नामेंट जीतने की अपनी संभावनाओं को काफी हद तक बढ़ा दिया है।

महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने आर्मगेडन में कोनेरू हम्पी को हराकर प्रतियोगिता में 1.5 अंकों की बढ़त हासिल की, जबकि अन्ना मुजीचुक ने पिया क्रैमलिंग पर टाई-ब्रेक जीत दर्ज की।

टूर्नामेंट के अपने अंतिम दौर में पहुंचने के साथ, नॉर्वे शतरंज 2024 महिला टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण के रोमांचक समापन के साथ महिला टूर्नामेंट में शीर्ष पर वेनजुन, टिंगजी और मुजीचुक के बीच केवल 1.5 अंकों का अंतर है।

# सुनील छेत्री ने ली विदाई, मीडिया को दिया संदेश

**● खिलाड़ी की आखों में आ गए आंसू ● छेत्री के शानदार राष्ट्रीय करियर का 151वां और अंतिम मैच था**



एजेंसी

**कोलकाता।** कुवैत के खिलाफ अपने आखिरी मैच के बाद भारत के सबसे चमकते सितारे भावुक सुनील छेत्री पोस्ट-गेम प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजर नहीं आए। भारतीय कप्तान आखिरी बार एक ऐसे अंदाज में विदा लेने में कामयाब रहे, जो सिर्फ वही कर सकते थे, जो क्लास से भरा हुआ था। सुनील छेत्री ने मीडिया को एक पत्र के जरिये अपना आखिरी संदेश दिया।

मीडिया को दिये अपने पत्र में उन्होंने लिखा, पिछले 19 सालों में मुझे आपमें से बहुत से लोगों से कई मौकों पर बातचीत करने का मौका मिला है। कई बार ऐसा हुआ जब मुझे अपनी इच्छा से बहुत कम बोलना पड़ा और कई बार ऐसा हुआ जब मैंने आपके सवालों का जवाब लंबे मोनोलॉग के साथ दिया। छेत्री ने अपने पत्र में लिखा, कुछ जवाब निराशा से भरे थे, कुछ जवाब ऐसे थे जो आपकी झुंझलाहट के लिए बहुत ज्यादा गैर-प्रतिबद्ध थे और फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस जो जल्दबाजी में खत्म हो गई। लेकिन इन सबके बावजूद, मैं यह मानना चाहता हूं कि मैं हमेशा आपके साथ ईमानदार रहा हूं। और मैंने हमेशा आपसे बातचीत करना चुना, भले ही इसके लिए मुझे उन कारणों से सुर्खियों में आने का जोखिम उठाना पड़ा जो मुझे पसंद नहीं थे।

भारत और कुवैत के बीच गोल रहित ड्रॉ की निराशा के बावजूद, छेत्री को वह विदाई मिली जिसके वे हकदार थे, साल्ट लेक की भीड़ ने तालियां बजाईं और उस व्यक्ति को नमन किया जिसने भारतीय फुटबॉल को बदल दिया। उन्होंने स्टेडियम में प्रशंसकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अपने साथियों से गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया, जिसके बाद पिच से बाहर निकलने से पहले नंबर 11 के खिलाड़ी की आखों में आंसू आ गए।

# न्यूयॉर्क पिचों की गुणवत्ता सुधारने के लिए काम कर रहा है आईसीसी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने स्वीकार किया है कि न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर अब तक उपयोग की गई दो पिचें घटिया स्तर की हैं और वे इस स्थल पर शेष टी-20 विश्व कप मैचों के लिए इस समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत और आयरलैंड के बीच अत्यंत कठिन विकेट पर ग्रुप मैच खेले जाने के एक दिन बाद गुरुवार को आईसीसी ने एक बयान में कहा, नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अब तक उपयोग की गई पिचें उतनी निरंतरता से नहीं खेली गई हैं, जितनी हम चाहते थे। विश्व स्तरीय मैदानों की टीम भारत-आयरलैंड मैच के समापन के बाद से स्थिति को सुधारने और शेष मैचों के लिए सर्वोत्तम संभव सतह प्रदान करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। न्यूयॉर्क के नए स्थल पर पहला मैच - जो पार्क की भूमि पर पांच महीने की अवधि में बनाया गया एक पॉप-अप क्रिकेट स्टेडियम है, जिसमें फ्लोरिडा में ड्रॉप-इन पिचें बनाई गई थीं और वहां लाई गई थीं - 3 जून को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेला गया था। श्रीलंका की टीम पिच नंबर 1 पर 77 रन पर आउट हो गई, और दक्षिण अफ्रीका ने लक्ष्य 16.2 ओवर में हासिल कर लिया।

5 जून को भारत ने पिच नंबर 4 पर आयरलैंड को 96 रनों पर आउट कर दिया, और हालांकि उन्होंने आठ विकेट से जीत हासिल की, लेकिन उनके दो बल्लेबाजों - रोहित शर्मा और ऋषभ पंत - को शरीर पर चोटें आईं। रोहित को हाथ पर चोट लगने के कारण रिटायर हर्ट होना पड़ा। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को भी जसप्रीत बुमराह की तेज बाउंसर से उंगली पर चोट लगी। भारत-आयरलैंड मैच के बाद, कई पूर्व क्रिकेटरों ने पिच की कड़ी आलोचना की।

### डेंजर, वॉरियर्स, पैंथर्स और विंग्स ने दर्ज की जीत

**देहरादून।** सचिवालय क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित हॉट वेदर टी-10 टूर्नामेंट के पहले दिन शुक्रवार को क्लासिक, सुपरकिंग्स, डेंजर, वॉरियर्स, पैंथर्स और विंग्स की टीमों ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए आज के पहले मैच में क्लासिक ने हरिकेन को 44 रन से शिकस्त दी। इस मैच में टीम क्लासिक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कुल 10 ओवरों में 03 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में हरिकेन की टीम निर्धारित ओवरों में 05 विकेट पर 117 रन ही बना पाई। मैन ऑफ द मैच धीरज पाल को दिया गया। दिन का दूसरा मैच सचिवालय ए और सुपर किंग्स के बीच खेला गया। ए की टीम 7.2 ओवरों में 47 रन पर ऑल आउट हो गई। सुपरकिंग्स ने 4.2 ओवरों में 3 विकेट खोकर मैच जीत लिया। नवीन रावत मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरा मैच डेंजर और एथलीट इलेवन के बीच खेला गया, जिसमे डेंजर ने 10 ओवरों में 164 रन बनाए। जवाब में एथलीट 11 की टीम 5 विकेट पर 72 रन ही बना सकी और मैच 92 रन से हार गई। मैन ऑफ द मैच अरविंद राणा को दिया गया।

## वाणिज्य



# सेंसेक्स ने बनाया नया रिकॉर्ड, हुई गिरावट की भरपाई

- **सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,853 अंक और निफ्टी 531 अंक उछले**
- **निवेशकों को 1 दिन में 7.38 लाख करोड़ का मुनाफा**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन जोरदार मजबूती दिखाई। आज के कारोबार में आई तेजी के कारण शेयर बाजार ने 4 जून को बाजार में हुई जबरदस्त गिरावट के कारण हुए नुकसान की भरपाई कर ली। आज के कारोबार की शुरूआत सपाट स्तर पर हुई थी। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव भी बना, लेकिन थोड़ी देर बाद ही तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार पर अपना कब्जा कर लिया। खासकर, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का ऐलान होने के बाद शेयर बाजार में खरीदारी की होड़ लग गई, जिसके कारण सेंसेक्स 2.16 प्रतिशत और निफ्टी 2.05 प्रतिशत की उछाल के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 1,853.43 अंक की छलांग लगा कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही ये सूचकांक आज ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी ने भी इंट्रा-डे में 531.15 अंक उछलने में कामयाबी हासिल की। इस सूचकांक ने भी क्लोजिंग के ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम किया।

कारोबार में सभी सेक्टोरल इंडेक्स में लगातार तेजी बनी रही। खासकर ऑटोमोबाइल, आईटी, टेलीकॉम, पावर और मेटल इंडेक्स में 2 से 3 प्रतिशत तक की उछाल दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.18 प्रतिशत की छलांग लगा कर कारोबार का अंत किया।

# आरबीआई ने 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया



एजेंसी

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। आरबीआई ने निजी उपभोग में सुधार और ग्रामीण क्षेत्र की मांग मजबूत होने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक की। उसके बाद इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत हैं। घरेलू मांग बढ़ने से विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि विभिन्न आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र की रफ्तार भी कायम है। उन्होंने कहा कि एमपीसी ने इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

उन्होंने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.3 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 7.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 7.2 फीसदी रहेगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार उच्चतम स्तर पर

**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई तक 651.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते 24 मई को मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर था। इसके बाद विदेशी मुद्रा भंडार में 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की घोषणा करते हुए देश के विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मई को विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है।

# 3 माह में सभी लंबित सवालों के जवाब नहीं देने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई:जितेंद्र गोठवाल

## राजस्थान में बदला राज, भाजपा की डबल इंजन सरकार में जनता से जुड़े हर विषय पर गंभीर: जितेंद्र गोठवाल

**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 7 जून 2024। राजस्थान विधानसभा की सरकारी आश्वासन संबंधि समिति की बैठक आज विधानसभा में आयोजित की गई। समिति के सभापति और भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने सदन में सवालों के जवाब नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। गोठवाल ने अधिकारियों को सभी विभागों के लंबित सवालों के जवाब के लिए 3 माह की मोहलत देते हुए कहा कि कार्य में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ भजनलाल सरकार सख्त है। ऐसे में 3 माह के दौरान लंबित सवालों के जवाब नहीं देने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं समिति के सभापति जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में आज आश्वासन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 15वीं विधानसभा के सवालों के जवाबों पर चर्चा की गई। इस दौरान 382 सवाल ऐसे पाए गए, जिसमें संबंधित विभाग या अधिकारियों द्वारा जवाब ही नहीं दिया गया। विधानसभा सदस्यों द्वारा जनता से जुड़े सवालों को सदन में उठाया जाता है लेकिन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके सवालों के जवाब तक नहीं दिया जा रहा। यह स्थिति गंभीर और चिंतनीय है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं समिति के सभापति जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि प्रदेश की 6 करोड़ जनता के श्रद्धा के केंद्र विधानसभा में विधायकों के सवालों का जवाब नहीं देना सदन की गरिमा के खिलाफ है। अब राजस्थान में राज बदल गया है। राजस्थान में भाजपा की डबल इंजन सरकार जनता से जुड़े हर विषय पर गंभीर है। भजनलाल सरकार में अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरतने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सदन के लंबित सवालों को जवाब नहीं देने पर समिति की ओर से विधानसभा अध्यक्ष से लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की जाएगी। समिति की बैठक में सदस्य देवी सिंह शेखावत, गोविंद प्रसाद, अशोक कुमार कोठारी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।



### संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी के नाम पर लगी मुहर

- **एनडीए हिंदुस्तान का सबसे सफल प्री-पोल अलायंस : नरेंद्र मोदी**

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की संसदीय दल की बैठक में नरेंद्र मोदी के नाम पर मुहर लग गई है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने एनडीए के नेता के तौर पर नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा है। नीतीश कुमार ने जेडीयू की तरफ से नरेंद्र मोदी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन दिया। एनडीए संसदीय दल के नेता चुने जाने के बाद नरेंद्र मोदी ने कहा कि एनडीए हिंदुस्तान का सबसे सफल प्री-पोल अलायंस है। मैं ह्रदय से सबका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। नरेंद्र मोदी ने कहा, 'एनडीए हिंदुस्तान का सबसे सफल प्री-पोल अलायंस है। मैं ह्रदय से सबका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। खुशी की बात है कि इतने बड़े समूह का मुझे स्वागत करने का अवसर मिला है। जो साथी विजयी होकर आए हैं, वे सभी अभिनंदन के अधिकारी हैं। मेरा बहुत सौभाग्य है। एनडीए के नेता के रूप में आप सब साथियों ने सर्वसम्मति से चुनकर नया दायित्व दिया है और इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं।'

- **हमारा ये गठबंधन सच्चे अर्थ में भारत की आत्मा है : मोदी**

» नरेंद्र मोदी ने कहा, 'हिंदुस्तान के इतने महान लोकतंत्र की ताकत देखिए कि एनडीए को आज देश के 22 राज्यों में लोगों ने सरकार बनाकर उनको सेवा करने का मौका दिया है। हमारा ये गठबंधन सच्चे अर्थ में भारत की आत्मा है।' मोदी ने कहा, 'हमारे देश में 10 राज्य ऐसे हैं जहां हमारे आदिवासी भाइयों की संख्या निर्णायक रूप से अधिक है, एनडीए इन 10 राज्यों में से 7 में सेवा कर रहा है। चाहे गोवा हो या पूर्वोत्तर, जहां ईसाइयों की संख्या निर्णायक रूप से अधिक है, एनडीए को उन राज्यों में भी सेवा करने का अवसर मिला है।

- **हमारे बीच विश्वास का अटूट सेतु : मोदी**

» मोदी ने कहा कि 2019 में मैंने एक बात पर बल दिया था विश्वास। जब आप मुझे फिर से एक बार ये दायित्व देते हैं तो इसका मतलब है कि हम दोनों के बीच आपस में विश्वास का सेतु अटूट है। ये अटूट रिश्ता विश्वास की मजबूत धरातल पर है। ये सबसे बड़ी पूंजी होता है। आप सबके लिए जितना धव्यवाद करूं, उतना कम है।'




## मोदी - 3.0

## 18वीं लोकसभा नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा रहेगी

### राष्ट्रपति ने मोदी को दिया नई सरकार बनाने का 9 जून को शपथ ग्रहण

**नयी दिल्ली/एजेंसी**

नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की संसदीय दल का लगातार तीसरी बार नेता चुना गया। पुराने संसद (संविधान सदन) के सेंट्रल हॉल में सुबह 11 बजे शुरू हुई मीटिंग में एनडीए के 13 दलों के नेता शामिल हुए।

बैठक में एनडीए के सभी 293 सांसद, राज्यसभा सांसद और सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम मौजूद थे। इसके बाद एनडीए ने दोपहर 3 बजे सरकार बनाने का दावा पेश किया। गठबंधन के नेताओं ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को समर्थन का पत्र सौंपा।

बैठक के बाद मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर मिले। इसके बाद पीएम शाम को 6 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने पहुंचे। राष्ट्रपति ने उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया। इसके बाद मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा रहेगी।

मोदी 9 जून को शाम 6 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ ले सकते हैं। खबर है कि मोदी के साथ पूरा मंत्रिमंडल शपथ ले सकता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े 272 से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, एनडीए ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं।

गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जदयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।

नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कहा, '18वीं लोकसभा बनने जा रही है। 18 का बहुत महत्व है। 18वीं लोकसभा युवा और नई ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा होगी। ये वो 25 साल हैं जो अमृतकाल के 25 साल हैं। हम उन सपनों को पूरा करने जा रहे हैं। 18वीं लोकसभा इन सबका पड़ाव है। हमें देश की तीसरी बार सेवा करने का मौका दिया है। मैं ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि पिछले दो टर्म में देश जिस गति से आगे बढ़ा, समाज के हर वर्ग में परिवर्तन साफ-साफ देखा जा सकता है, 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। 18वीं लोकसभा के हमारे 5 साल के कार्यकाल में हम उतने ही समर्पण भाव में देश की आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने में कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगे।

एनडीए की नेताओं ने राष्ट्रपति भवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सांसदों की चिट्ठी सौंपी।

### स्वयंसेवकों में हो कर्तव्य पालन की प्रतिबद्धता

# स्व का प्रकटीकरण ही परम वैभव का सोपान: निम्बाराम

**चमकता राजस्थान**

**कोटा 7 जून।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम के समापन अवसर पर राजस्थान के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के निरन्तर विस्तार का आधार है स्वयंसेवको का आत्मअनुशासन व उनकी सामाजिक आत्मीयता। गुणवत्ता व दृढ़ता बढ़ाते हुए संघ शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने बताया कि व्यापक समाज में भाव परिवर्तन एक एक व्यक्ति के भाव परिवर्तन से होता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मनुष्य का विवेक जागृत कर उसे श्रेष्ठ आचरण के लिए प्रेरित करता है।

ऐसे स्वभाव को व्यवहार में लाने के कुछ विषयों की चर्चा करते हुए कहा कि समाज में जन्म आधारित भेदभाव समाप्त होना चाहिए। सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकात्म व एकरस बनाने के लिए हम स्वयं में एवं अपने परिवार में बदलाव लाना आज के समय की महती आवश्यकता है।




परिवार ईकाई ही अपने समाज में सांस्कृतिक जीवन मूल्यों का संवर्द्धन कर अगली पीढ़ी में ले जाने का सशक्त माध्यम है। पारिवारिक जीवन निभाते समय छोटी छोटी बातों का ध्यान रखने से जीवन में बड़ा परिवर्तन आता है।

परिवार से ही स्वच्छ वातावरण , पर्यावरण के प्रति चेतना का भाव लाना व पंच तत्वों की उचित देखभाल करना, जल व ऊर्जा की बचत करने आदि के संस्कार मिलते हैं। अतः परिवार में समाज व देश के हित के विषयों की समय समय पर चर्चा हो।

अब समय आ गया है शरीर के साथ आत्मा का भी परिवर्तन हो भारत की आत्मा है स्व, जब स्व आधारित जीवन होगा तभी भारत की विश्व में मान्यता होगी। स्वधर्म, स्वभाषा, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग व तंत्र अर्थात शिक्षा, न्याय व्यवस्था आदि में स्व आने से स्वतंत्रता सार्थक होगी। व्यक्ति से लेकर राष्ट्र के सम्पूर्ण जीवन पर्यन्त,सभी आयामों में स्व का प्रकटीकरण ही परम वैभव का सोपान है और यह होगा कर्तव्य पालन की प्रतिबद्धता से। भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक सुसभ्य नागरिक शाखा व परिवार के अलावा सामाजिक जीवन में अनुशासन पालने के लिए कृत संकल्प होकर अपना उदाहरण प्रस्तुत करें।

वैचारिक संघर्ष के समय में अफवाह फैलाकर दुष्प्रचार के माध्यम से समाज तोड़ने का प्रयास इस बार के निंवाचन में भी दिखा, हम स्वयं सजग होकर भारत को तोड़ने वाले विचार व व्यक्तियों को समाज के समक्ष उजागर कर भारत का सत्य आधारित विश्व कल्याणकारी विचार स्थापित करें। समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर चलने से उनको सक्रिय करने से संघ समाज रूपी सागर से एकाकार हो सकेगा।

वार्षिक प्रशिक्षण की श्रृंखला में राजस्थान क्षेत्र में चल रहे दस वर्गों में से कोटा में आयोजित कार्यकर्ता विकास वर्ग प्रथम में राजस्थान क्षेत्र के 22 विभाग, 71 जिलों से 352 शिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें प्रक्षिशु प्रवासी कार्यकर्ता थे।

प्रकट समारोह में स्वयंसेवकों द्वारा अतिथियों के स्वागत के रूप में स्वागत प्रणाम तथा घोष वादन किया गया है । कार्यक्रम में ध्वजारोहण के पश्चात स्वयंसेवकों ने ध्वज की परिक्रमा कर गुरु वंदन किया । उसके पश्चात घोष संरचना , दंड, व्यायाम योगासन ,दंड योग, गण समता एवं का प्रदर्शन किया। स्वयंसेवकों द्वारा सामूहिक रूप से एक स्वर में गीत सूत्रपात नवयुग वेला का गाकर प्रदर्शन किया।

वर्ग कार्यवाह द्वारा मंचस्थ अतिथियों का परिचय करवाकर प्रतिवेदन का वाचन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वंशवर्धन सिंह महाराव साहब बूंदी रहे ।

इस बीस दिवसीय वर्ग में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले , सह सरकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरूण कुमार जैन, अखिल भारतीय गौ सेवा प्रशिक्षण प्रमुख शंकरलाल का सानिध्य प्राप्त हुआ। अखिल भारतीय अधिकारियों के अतिरिक्त क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री , सह क्षेत्र कार्यवाह गेंदालाल , क्षेत्र संघचालक डॉ रमेश अग्रवाल, क्षेत्र शारीरिक शिक्षण प्रमुख गंगाविष्णु , क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख डॉ. श्रीकांत , क्षेत्र प्रचारक प्रमुख श्रीवर्धन , क्षेत्र सेवा प्रमुख शिवलहरी , क्षेत्र सम्पर्क प्रमुख श्याम मनोहर एवं प्रान्तीय अधिकारियों का बौद्धिक मिला। वर्ग के प्रगट समारोह में बड़ी संख्या मे बन्धु भगिनी उपस्थिति रहे उनके अवलोकनार्थ प्रदर्शनी भी लगाई गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929